# IAS PREP

# मासिक करंट अफेयर्स

# मार्च, 2021

राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय, आर्थिक, राजनीतिक, खेलकूद, पुरस्कार व सम्मान, नियुक्तियां, चर्चित व्यक्तित्व, चर्चित स्थल, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी आदि क्षेत्रों से संबंधित घटनाओं का सारगर्भित संग्रह.

## सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए समान रूप से उपयोगी.

## "Be calm work hard"

- **प्रतिवर्ष राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है -**

**28 फरवरी**

प्रतिवर्ष 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है, इसका उद्देश्य लोगों में विज्ञान के महत्व और इसके अनुप्रयोग का संदेश फैलाना है।

महत्व

28 फरवरी, 1928 को भौतिक विज्ञानी सी.वी. रमन द्वारा रमन प्रभाव की खोज को चिह्नित करने के लिए इस दिवस को मनाया जाता है। इस खोज के लिए सी.वी. रमन को 1930 में भौतिकी में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

- **हाल ही में, ISRO ने किस देश के Amazonia-1 उपग्रह को लांच किया है ?**

**ब्राजील**

मुख्य बिंदु

PSLV-C51 को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर (SDSC) से लॉन्च किया गया।

इसे अंतरिक्ष केंद्र से 28 फरवरी, 2021 को लॉन्च किया गया।

यहइसरो का 53वां पोलर सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल मिशन है।

इस लांच में, PSLV-C51 रॉकेट ब्राजील के उपग्रह अमेजोनिया-1 को प्राथमिक उपग्रह के रूप में ले जाया गया।

ब्राजील के उपग्रह के साथ, यह लांच व्हीकल 19 और उपग्रहों को भी ले गया।

यह मिशन इसरो की वाणिज्यिक नोडल एजेंसी का पहला समर्पित व्यावसायिक मिशन है जिसे "न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड (NSIL)" कहा जाता है।

- **किस भारतीय नेता को Global Energy and Environment Leadership Award से सम्मानित किया जायेगा ?**

**नरेंद्र मोदी**

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक वार्षिक अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा सम्मेलन में "CERAWeek Global Energy and Environment Leadership Award" प्रदान किया जायेगा।

मुख्य बिंदु

- ✓ प्रधानमंत्री CERAWeek सम्मेलन-2021 में मुख्य भाषण देंगे।
- ✓ CERAWeek सम्मेलन-2021 वर्चुअली 1 से 5 मार्च, 2021 तक आयोजित किया जाएगा।
- ✓ इस सम्मेलन का आयोजन आईएचएस मार्किट (IHS Markit) द्वारा किया जाएगा।
- ✓ यह एक वार्षिक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन है जो ऊर्जा उद्योग के नेताओं, नीति निर्माताओं और विशेषज्ञों को एक साथ लाता है।

- **हाल ही में पीएम मोदी ने कहाँ पर खेलो इंडिया विंटर गेम्स का उद्घाटन किया ?**

**गुलमर्ग में**

पीएम मोदी ने जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग में खेलो इंडिया विंटर गेम्स का उद्घाटन किया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 26 फरवरी, 2021 को जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग में दूसरे खेले इंडिया विंटर गेम्स का उद्घाटन किया।

- **हाल ही में सुर्खियों में रहे माइकल सोमर को किस देश का 'ग्रैंड चीफ और राष्ट्रपिता' कहा जाता है?**

**पापुआ न्यू गिनी**

माइकल सोमरे, जो पापुआ न्यू गिनी के पहले प्रधानमंत्री थे, का हाल ही में 84 वर्ष की आयु मंत उनका निधन हो गया। उन्हें 'ग्रैंड चीफ और राष्ट्रपिता' भी कहा जाता था। 1975 में ऑस्ट्रेलिया से स्वतंत्रता प्राप्त करने के बाद पापुआ न्यू गिनी के सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले नेता थे।

- **इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर स्ट्रैटेजिक स्टडीज (IISS) के अनुसार, 2020 में दुनिया में सबसे बड़ा रक्षा व्यय वाला देश कौन सा है?**

**अमेरिका**

ब्रिटिश थिंक-टैंक इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर स्ट्रैटेजिक स्टडीज़ (IISS) ने कहा कि सैन्य खर्च ने वर्ष 2020 में 1.8 ट्रिलियन डॉलर के आंकड़े को छू लिया। वैश्विक सैन्य खर्च पिछले वर्ष की तुलना में 3.9 प्रतिशत बढ़ा है। अमेरिका 2020 में दुनिया का सबसे बड़ा रक्षा खर्च करने वाला देश बना, उसके बाद चीन का स्थान है।

- **सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी जीडीपी के दूसरे अग्रिम अनुमानों के अनुसार, वित्त वर्ष 2020-21 की जीडीपी वृद्धि दर क्या है?**

**8 प्रतिशत**

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी जीडीपी के दूसरे अग्रिम अनुमानों के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए जीडीपी -8 प्रतिशत दर्ज की गई है। NSO और सांख्यिकी व कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने त्रैमासिक अनुमान भी जारी किए। संकुचन के लगातार दो तिमाहियों के बाद, अक्टूबर-दिसंबर तिमाही (Q3) के लिए भारत की जीडीपी में 0.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इसके साथ ही कहा जा रहा है कि देश मंदी से बाहर निकल गया है।

- **'महत्वपूर्ण' सोशल मीडिया मध्यस्थ (Significant Social Media Intermediary) को परिभाषित करने के लिए यूजर्स की सीमा क्या है?**

**50 लाख**

केंद्र सरकार ने हाल ही में भारत में 5 मिलियन (50 लाख) पंजीकृत उपयोगकर्ताओं को एक महत्वपूर्ण सोशल मीडिया मध्यस्थ के रूप में परिभाषित करने के लिए सोशल मीडिया मध्यस्थ मध्यस्थ (Significant Social Media Intermediary) के रूप में निर्दिष्ट किया है। सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया नैतिकता संहिता) नियम 2021 में 'महत्वपूर्ण सोशल मीडिया मध्यस्थ' शब्द का उल्लेख किया गया है।

- **भारत ने किस पड़ोसी देश के साथ हॉटलाइन स्थापित करने के लिए सहमति ज़ाहिर की है?**

**चीन**

भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर और उनके चीनी समकक्ष वांग यी ने हाल ही में फोन पर बातचीत की। इस बातचीत के दौरान, दोनों देश विभिन्न गतिरोधों के बीच एक हॉटलाइन स्थापित करने पर सहमत हुए हैं। विदेश मंत्रियों ने पैंगोंग त्सो झील के उत्तरी और दक्षिणी तट से सैनिकों के विस्थापन को भी स्वीकार किया।

- **शून्य भेदभाव दिवस (Zero Discrimination Day) मनाया जाता है ?**

**1 मार्च**

1 मार्च को विश्व स्तर पर शून्य भेदभाव दिवस मनाया जाता है। इस दिवस को महिलाओं और लड़कियों द्वारा भेदभाव और असमानता को चुनौती देने के लिए मनाया गया। इसका उद्देश्य महिलाओं के अधिकारों की रक्षा करना और उनके सशक्तीकरण और लैंगिक समानता को बढ़ावा देना है।

संयुक्त राष्ट्र एड्स कार्यक्रम द्वारा शून्य भेदभाव दिवस मनाया जाता है। हर साल 1 मार्च को यह दिवस मनाया जाता है। इसे 2014 में पहली बार मनाया गया था। इसे एड्स कार्यक्रम से जोड़ा जा रहा है क्योंकि संयुक्त राष्ट्र का मानना है कि एड्स को मिटाने के लिए महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव से लड़ना महत्वपूर्ण है।

- **निम्नलिखित में से किसे 'उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान' के प्रतिष्ठित भारत-भारती पुरस्कार (2019) से सम्मानित करने की घोषणा की गई है ?**

**डॉ. सूर्यबाला**

मुंबई की वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. सूर्यबाला को 'उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान' के प्रतिष्ठित भारत-भारती पुरस्कार (2019) से सम्मानित करने की घोषणा की गई है। भारत-भारती पुरस्कार के तहत डॉ. सूर्यबाला को 5 लाख रुपए की नकद राशि और एक प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया जाएगा।

लखनऊ के दयानंद पांडे को 'लोहिया साहित्य सम्मान' से सम्मानित किया जाएगा, जबकि दिल्ली के तरुण विजय को 'हिंदी गौरव सम्मान' और भोपाल के रामेश्वर प्रसाद मिश्र को महात्मा गांधी साहित्य सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।

- **किस देश ने हाल ही में अपना पहला आर्कटिक-निगरानी उपग्रह लॉन्च किया है ?**

**रूस**

रूसी अंतरिक्ष एजेंसी रोस्कोसमोस ने अपने पहले आर्कटिक-निगरानी उपग्रह को सफलतापूर्वक लॉन्च किया है जो आर्कटिक की जलवायु और पर्यावरण की निगरानी करेगा।

रोस्कोसमोस ने सोयूज-2.1 बी कैरियर रॉकेट को लांच किया, इस राकेट की सहायता से आर्कटिका-एम (Arktika-M) उपग्रह को ले जाया गया। 28 फरवरी, 2021 को कजाकिस्तान के बैकोनूर कोस्मोड्रोम से इस रॉकेट को लांच किया गया।

- **अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने घोषणा के अनुसार भारत का कौन -सा राज्य इंडियन विमेंस लीग (IWL) की मेजबानी करेगा ?**

**ओडिशा**

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने घोषणा की है कि, ओडिशा इंडियन विमेंस लीग (IWL) की मेजबानी करेगा। हालाँकि, लेकिन तारीखों की घोषणा बाद में की जाएगी।

इंडियन विमेंस लीग

यह शीर्ष श्रेणी की महिला पेशेवर फुटबॉल लीग है जो भारत में आयोजित की जाती है। इस लीग का पहला सत्र अक्टूबर 2016 में कटक में आयोजित किया गया था। यह अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (AIFF) द्वारा आयोजित किया जाता है। यह टूर्नामेंट बहुत सारे नवोदित फुटबॉलरों को मंच प्रदान करता है ताकि वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सके।

- **निम्नलिखित में से किसे हाल ही में ऑस्ट्रेलिया में भारत का उच्चायुक्त नियुक्त किया गया है ?**

**मनप्रीत वोहरा**

वरिष्ठ राजनयिक मनप्रीत वोहरा को ऑस्ट्रेलिया में भारत के अगले उच्चायुक्त के रूप में नियुक्त किया गया है। 1988 बैच के भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) अधिकारी मनप्रीत वोहरा वर्तमान में मैक्सिको में भारत के राजदूत हैं।

वरिष्ठ राजनयिक मनप्रीत वोहरा को ऑस्ट्रेलिया में भारत के अगले उच्चायुक्त के रूप में नियुक्त किया गया है। 1988 बैच के भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) अधिकारी मनप्रीत वोहरा वर्तमान में मैक्सिको में भारत के राजदूत हैं।

- **"COVID टीकाकरण के लिए पंजीकरण और बुकिंग किस पोर्टल से की जा सकती है ?**

**cowin.gov.in**

भारत ने 1 मार्च, 2021 को पंजीकरण खोला और COVID-19 टीकाकरण के दूसरे चरण की शुरुआत की जिसका उद्देश्य 60 से ऊपर के लोगों को कवर करना है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि- “COVID टीकाकरण के लिए नियुक्ति के लिए पंजीकरण और बुकिंग Co-WIN पोर्टल cowin.gov.in के माध्यम से की जा सकती है।

- **किस भारतीय मुक्केबाज ने बुल्गारिया के सोफिया में मुक्केबाजी टूर्नामेंट में रजत पदक जीता है ?**

**दीपक कुमार**

दीपक कुमार ने बुल्गारिया के सोफिया में मुक्केबाजी टूर्नामेंट में रजत पदक जीता
सोफिया, बुल्गारिया में 72वें स्ट्रैंड्जा मेमोरियल मुक्केबाजी टूर्नामेंट में दीपक कुमार ने रजत पदक जीता।

- **भारत ने BARC द्वारा विकसित ‘डिजिटल कोबाल्ट थेरेपी मशीन’ किस देश को दान की है?**

**मेडागास्कर**

भारत ने कैंसर उपचार के लिए एक उन्नत ‘डिजिटल कोबाल्ट थेरेपी मशीन’ दान की है, जिसे भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र द्वारा मेडागास्कर के लिए विकसित किया गया है।

- **प्रमोद चंद्र मोदी किस संगठन के अध्यक्ष हैं?**

**सीबीडीटी**

मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (CBDT) के अध्यक्ष के रूप में प्रमोद चंद्र मोदी के कार्यकाल को बढ़ा दिया है। 1982 बैच के भारतीय राजस्व सेवा के अधिकारी पी.सी. मोदी को फरवरी 2019 में CBDT अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया था।

- **भारतीय वायु सेना (IAF) की एयरोबैटिक डिस्प्ले टीमें किस देश के स्मारक एयर शो में भाग लेगी?**

**श्रीलंका**

भारतीय वायु सेना (IAF) एयरोबैटिक डिस्प्ले टीम, सूर्यकिरण और सारंग, लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट तेजस के साथ, तीन दिवसीय एयर शो में भाग लेंगी। यह एयर शो श्रीलंका वायु सेना (SLAF) की 70वीं वर्षगांठ समारोह का एक हिस्सा है।

- **राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2021 का विषय है-**

**‘Future of Science and Technology and Innovation: Impact on Education Skills and Work’**

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2021 का विषय ‘Future of Science and Technology and Innovation: Impact on Education Skills and Work’ है।
‘रमन प्रभाव’ की खोज के उपलक्ष्य में 28 फरवरी को हर साल भारत में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है। उसी दिन, सीवी रमन ने ‘रमन इफेक्ट’ की खोज की घोषणा की और उन्हें 1930 नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

- **भारत 2035 तक बंदरगाह परियोजनाओं पर कितने बिलियन डॉलर का निवेश करेगा ?**

**82 बिलियन डॉलर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत 2035 तक बंदरगाह परियोजनाओं में 82 बिलियन डॉलर का निवेश करेगा। प्रधानमंत्री ने आत्मनिर्भर भारत के विज़न को प्राप्त करने के लिए विभिन्न सुधारों के माध्यम से विश्व स्तरीय समुद्री बुनियादी ढांचा बनाने पर जोर दिया है। पीएम मोदी ने कल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मैरीटाइम इंडिया समिट -2021 का उद्घाटन किया।

- **28 फरवरी, 2021 को 78वां गोल्डन ग्लोब पुरस्कार वितरण समारोह में सर्वश्रेष्ठ मोशन फिल्म (ड्रामा) का पुरस्कार किस फिल्म को प्रदान किया गया?**

**नोमैडलैंड**

28 फरवरी, 2021 को 78वें गोल्डन ग्लोब पुरस्कार (78th Golden Globe Awards), 2021 वितरण समारोह का आयोजन बेवेरली हिल्टन, लॉस एंजेल्स, कैलिफोर्निया में किया गया।

- ✓ सर्वश्रेष्ठ मोशन फिल्म (ड्रामा)- नोमैडलैंड(Nomadland)
- ✓ सर्वश्रेष्ठ निदेशक–क्लो झाओ (Chloe Zhao) फिल्म- नोमैडलैंड।
- ✓ सर्वश्रेष्ठ एनीमेडेट फीचर फिल्म–साउल (Soul)।
- ✓ सर्वश्रेष्ठ विदेशी भाषा फिल्म– मीनारी (USA)।




- **हाल ही में भारत के किस पूर्व प्रधानमंत्री की 125वीं जयंती मनाई गई ?**

**मोरारजी देसाई**

हाल ही में पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई की 125वीं जयंती मनाई गई।
वह भारत के चौथे प्रधानमंत्री (1977-79) थे। उल्लेखनीय है कि वह प्रधानमंत्री बनने वाले पहले गैर-कॉन्ग्रेसी थे।
मोरारजी देसाई का जन्म 29 फरवरी, 1896 को भदेली गाँव में हुआ था जो वर्तमान में गुजरात के बुलसार ज़िले में है।

वर्ष 1918 में विल्सन सिविल सर्विस, बॉम्बे से स्नातक करने के बाद उन्होंने 12 वर्षों तक डिप्टी कलेक्टर के रूप में कार्य किया।

➢ **'ऑपरेशन ग्रीन' को, किस वर्ष लॉन्च किया गया था ?**

**2018**

भारत सरकार ने केंद्रीय बजट 2021 में घोषणा की है, कि ऑपरेशन ग्रीन (Operation Green) के अंतर्गत टमाटर, प्याज तथा आलू (TOP) के अलावा जल्दी खराब होने वाले 22 और कृषि उत्पादों को शामिल किया जाएगा।

ऑपरेशन ग्रीन को वर्ष 2018 में लॉन्च किया गया था। योजना के अंतर्गत इस बात पर विचार किया गया था कि 'ऑपरेशन फ्लड' (Operation Flood- AMUL मॉडल) की तर्ज पर TOP मामले में भी एक वैल्यू चेन का निर्माण किया जाएगा, जिससे उपभोक्ताओं को उचित मूल्य पर कृषि उत्पाद और किसानों को फसल का एक स्थिर मूल्य प्राप्त होता रहेगा।

शुरुआती समय में OG के तीन प्रमुख उद्देश्य थे- कुशल मूल्य शृंखला का निर्माण, व्यापक मूल्य अस्थिरता और फसल बाद के नुकसान को कम करना।

➢ **हाल ही में पाकिस्तान ने तरलीकृत प्राकृतिक गैस (LNG) के लिए किस देश के साथ दस साल का समझौता किया है ?**

**कतर**

पाकिस्तान ने तरलीकृत प्राकृतिक गैस (LNG) को लेकर कतर के साथ दस साल का समझौता किया है।

पाकिस्तान और कतर के बीच नए समझौते से पाकिस्तान के लिए अगले 10 वर्षों में लगभग 3 बिलियन डॉलर की बचत करने में मदद मिलेगी।

तरलीकृत प्राकृतिक गैस (LNG)

यह प्राकृतिक गैस है जो मुख्य रूप से ईथेन ($C_2H_6$) के मिश्रण के साथ मीथेन ($CH_4$) से बनती है। इस प्राकृतिक गैस को सुरक्षित रूप से स्टोर और परिवहन करने के लिए इसे तरल रूप में परिवर्तित करने के लिए ठंडा किया जाता है।

➢ **भारतीय भूमि बंदरगाह प्राधिकरण किस केंद्रीय मंत्रालय के तहत काम करता है ?**

**गृह मंत्रालय**

भारतीय भूमि बंदरगाह प्राधिकरण (Land Ports Authority of India) की स्थापना 2012 में हुई थी। यह एक वैधानिक निकाय है जो गृह मंत्रालय के अधीन काम करता है। यह भारत में सीमा अवसंरचना के निर्माण, उन्नयन, रखरखाव और प्रबंधन के लिए जिम्मेदार है। यह पूरे भारत की सीमाओं पर कई एकीकृत चेक पोस्ट का प्रबंधन करता है। भारतीय भूमि बंदरगाह प्राधिकरण का 9वां स्थापना दिवस 1 मार्च 2021 को मनाया गया।

➢ **'The National Origin-Based Antidiscrimination for Non-immigrants (NO BAN) Act' किस देश में फिर से शुरू किया गया है ?**

**अमेरिका**

'The National Origin-Based Antidiscrimination for Non-immigrants (NO BAN) Act' को डेमोक्रेटिक सांसदों द्वारा अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में फिर से प्रस्तुत किया गया। इस प्रस्तावित कानून का उद्देश्य भविष्य के मुस्लिम प्रतिबंध को रोकना और धर्म-आधारित भेदभाव को रोकना है।

➢ **किस कंपनी ने दुनिया का पहला पायलट रहित, लड़ाकू विमान जैसा जेट प्रोटोटाइप विकसित किया है?**

**बोइंग**

अमेरिकन एयरोस्पेस कंपनी बोइंग ने ऑस्ट्रेलिया में एक पायलट रहित लड़ाकू विमान जैसे जेट प्रोटोटाइप का विकास किया है जिसे 'लॉयल विंगमैन' कहा जाता है। इस विमान ने हाल ही में अपनी पहली उड़ान भरी। इस मॉडल का उपयोग इसके अमेरिकी वायु सेना स्काईबोर्ग प्रोटोटाइप के आधार के रूप में किया जाना है। यह 50 से अधिक वर्षों में ऑस्ट्रेलिया में डिजाइन और निर्मित होने वाला पहला सैन्य विमान भी है।

➢ **हाल ही में किस देश में टाइटनोसोर के जीवाश्मों का पता लगाया गया है ?**

**अर्जेंटीना**

टाइटनोसोर लंबे गर्दन वाले पौधे खाने वाले डायनासोर का एक समूह है जो चार पैरों पर चलता था। वैज्ञानिकों ने हाल ही में 'निंजाटाइटन ज़ापताई' नामक एक डायनासोर प्रजाति के जीवाश्मों की खोज की है जो 140 मिलियन साल पहले क्रेटेशियस पीरियड के दौरान रहते थे।

➢ **'डेजर्ट फ्लैग' अभ्यास का मेज़बान कौन सा देश है ?**

**यूएई**

'डेजर्ट फ्लैग' एक बहुराष्ट्रीय अभ्यास है, जिसे संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित किया जायेगा। इस अभ्यास में भारत, फ्रांस और अमेरिका सहित दस देश भाग लेंगे। इस अभ्यास में भाग लेने के लिए भारतीय वायुसेना के Su-30-MKI फाइटर जेट और C-17 विमान हिस्सा लेंगे।

➢ **भारत सरकार ने किस सीमा के लिए सशस्त्र सीमा बल की 12 नयी बटालियनों को मंजूरी दी ?**

**नेपाल और भूटान**

सरकार ने नेपाल और भूटान सीमा के लिए सशस्त्र सीमा बल की 12 नयी बटालियनों को मंजूरी दी | सरकार ने नेपाल और भूटान की सीमा पर 13,000 से अधिक जवानों को तैनात करने के लिए एक दर्जन ताजा सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) बटालियन की मंजूरी दी है।

➢ **विश्व श्रवण दिवस किस तिथि को मनाया जाता है ?**

**3 मार्च को**

श्रवण हानि को रोकने के लिए किए जाने वाले उपायों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए 3 मार्च को विश्व श्रवण दिवस मनाया जाता है। यह हर साल विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के अंधत्व और बधिरता निवारण कार्यालय द्वारा आयोजित एक अभियान है। थीम- Hearing care for All

- **विश्व वन्यजीव दिवस 2021 की थीम क्या है?**

**Forests and Livelihoods: Sustaining People and Planet**

विश्व वन्यजीव दिवस 3 मार्च को दुनिया भर में मनाया जाता है ताकि वन्य जीवन पर मानव गतिविधियों और जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभाव के बारे में जागरूकता पैदा की जा सके।

- **किस भारतीय राज्य ने हाल ही में स्थानीय लोगों के लिए 75% निजी नौकरियों को आरक्षित करने के लिए विधेयक को मंजूरी दी?**

**हरियाणा**

हरियाणा के राज्यपाल सत्यदेव नारायण आर्य ने राज्य के लोगों के लिए निजी क्षेत्र की नौकरियों में 75 प्रतिशत नौकरियों को आरक्षित करने के बिल को मंजूरी दी । हर कंपनी, ट्रस्ट और सोसायटी में यह आरक्षण दिया जाएगा।

- **किस मंत्रालय द्वारा मैरीटाइम इंडिया समिट 2021' का आयोजन किया जा गया ?**

**जहाज़रानी मंत्रालय**

7,516 किलोमीटर लंबी समुद्र तटरेखा के साथ बंदरगाह के विकास को आगे बढ़ाना। भारत द्वारा वर्ष 2035 तक (सागरमाला के तहत) बंदरगाह परियोजनाओं में 82 बिलियन अमेरीकी डालर का निवेश किया जाएगा, समुद्री क्षेत्र में स्वच्छ नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों की हिस्सेदारी को बढ़ावा दिया जाएगा, जलमार्गों को विकसित करने तथा प्रकाश-स्तंभों के आसपास पर्यटन को बढ़ावा दिया जाएगा।

भारत का लक्ष्य वर्ष 2030 तक 23 जलमार्गों का परिचालन करना है।

- **'अवसर सूचकांक' 2021 रिपोर्ट किसके द्वारा जारी किया गया ?**

**लिंक्डइन (LinkedIn) द्वारा**

यह एक ऑनलाइन प्रोफेशनल नेटवर्क लिंक्डइन (LinkedIn) द्वारा की गयी एक नई रिपोर्ट है। जनवरी में किए गए इस सर्वेक्षण में, एशिया प्रशांत (APAC) क्षेत्र में 10,000 से अधिक उत्तरदाताओं ने भाग लिया था। सर्वेक्षण में भारत के 2,285 उत्तरदाताओं को शामिल किया गया।

प्रति 10 महिलाओं में से 9 महिलाएं अथवा 89 प्रतिशत महिलाएं कोरोनोवायरस महामारी से नकारात्मक रूप से प्रभावित हुईं।

भारत में लगभग 85%, या प्रति पांच में से चार कामकाजी महिलाओं का मानना है कि उन्हें अपने लिंग के कारण वेतन-वृद्धि, पदोन्नति, या काम के अवसरों से वंचित होना पड़ा है। एशिया प्रशांत (APAC) क्षेत्र में इस प्रकार की महिलाओं का औसत 60% है।

एशिया प्रशांत (APAC) क्षेत्र की तुलना में, भारत में अधिक महिलाओं को आजीविका विकास पर लैंगिक पक्षपात का सामना करना पड़ा है।

- **भारत सरकार द्वारा, निजी पॉलिसीधारकों की शिकायतों को, लागत प्रभावी, कुशल और निष्पक्ष तरीके से तथा अदालतों से बाहर हल करने के लिए कौन सी योजना तैयार की गयी ?**

**बीमा लोकपाल अर्थात इंश्योरेंस ओम्बड्समैन (Insurance Ombudsman)**

भारत सरकार द्वारा, निजी पॉलिसीधारकों की शिकायतों को, लागत प्रभावी, कुशल और निष्पक्ष तरीके से तथा अदालतों से बाहर हल करने के लिए बीमा लोकपाल अर्थात इंश्योरेंस ओम्बड्समैन (Insurance Ombudsman) स्कीम तैयार की गयी थी।

बीमा लोकपाल के समक्ष कौन शिकायत कर सकता है?

बीमाकर्ता के विरुद्ध शिकायत रखने वाला कोई भी व्यक्ति, स्वयं से या अपने कानूनी उत्तराधिकारी, नामित व्यक्ति अथवा संपत्ति-भागी (assignee) के माध्यम से बीमा लोकपाल के समक्ष लिखित रूप में शिकायत दर्ज कर सकता है।

- **बीमा लोकपाल पद पर नियुक्ति किसके द्वारा की जाती है?**

**बीमा परिषद**

बीमा लोकपाल पद पर नियुक्ति के लिए, बीमा उद्योग, नागरिक या न्यायिक सेवाओं से संबंधित व्यक्ति को चुना जाता है और इसकी नियुक्ति 'बीमा परिषद' द्वारा की जाती है। बीमा लोकपाल की सेवा-अवधि तीन वर्ष होती है।

- **हाल ही में 'फ्रीडम इन द वर्ल्ड 2021: डेमोक्रेसी अंडर सीज' शीर्षक से एक रिपोर्ट जारी की गयी है।**

**अमेरिकी थिंक टैंक 'फ्रीडम हाउस' द्वारा**

**<u>रिपोर्ट के प्रमुख निष्कर्ष:</u>**

- ✓ भारत में लोगों की स्वतंत्रता पहले से कुछ कम हुई है, जिसके परिणामस्वरूप भारत को 'आंशिक रूप से स्वतंत्र' (Partly Free) के रूप में वर्गीकृत किया गया है।
- ✓ रिपोर्ट में भारत को 100 में से 67 नंबर दिए गए हैं, जबकि पिछले वर्ष भारत को 100 में से 71 नंबर दिए गए थे।

- ✓ दर्जे में गिरावट के कारण: भारत के अंक कम करने के पीछे का कारण सरकार और उसके सहयोगी पार्टियों की ओर से आलोचकों पर शिकंजा कसना बताया गया है।
- ✓ निजी मीडिया काफी ओजपूर्ण एवं विविधतापूर्ण है, और इसके द्वारा तहकीकात और राजनीतिज्ञों की छान-बीन की जाती रही है। हालांकि, मोदी सरकार के तहत प्रेस की स्वतंत्रता पर हमलों में नाटकीय रूप से वृद्धि हुई है, और हाल के वर्षों में रिपोर्टिंग काफी कम-महत्वाकांक्षी हो गई है।
- ✓ आलोचनात्मक मीडिया की आवाज को शांत करने के लिए सुरक्षा, मानहानि, देशद्रोह और अदालती कानूनों की अवमानना का इस्तेमाल किया गया है।
- ✓ एक ओर राजनेताओं, व्यापार अधिकारियों और लॉबिस्टों (lobbyists) के बीच घनिष्ठ संबंधों के खुलासे हुए हैं, और दूसरी तरफ मीडिया के प्रमुख व्यक्तियों और मीडिया आउटलेट्स के मालिकों ने प्रेस में जनता के विश्वास को क्षति पहुचाई है। विश्व वन्यजीव दिवस 2021 की थीम क्या है?

➢ **भारत और किस देश ने अगले पांच वर्षों के लिए समुद्री स्थानिक योजना के क्षेत्र में संयुक्त रूप से काम करने के लिए सहमति जताई है।**

**भारत और नार्वे**

यह, 2019 में दोनों देशों के बीच हुए समझौता ज्ञापन के तहत भारत-नॉर्वे एकीकृत महासागर पहल का हिस्सा है। परियोजना के लिए पायलट स्थलों के रूप में लक्षद्वीप और पुदुचेरी की पहचान की गई है।

➢ **डेजर्ट फ्लैग युद्धाभ्यास किस देश की वायु सेना की मेजबानी में आयोजित एक वार्षिक बहुराष्ट्रीय युद्धाभ्यास है ?**

**संयुक्त अरब अमीरात**

भारतीयवायु सेना पहली बार, संयुक्त अरब अमीरात, संयुक्त राज्य अमेरिका, फ्रांस, सऊदी अरब, दक्षिण कोरिया और बहरीन की वायु सेनाओं के साथ अभ्यास डेजर्ट फ्लैग-VI में भाग ले रही है।

➢ **जम्मू में अरोमा मिशन के तहत किस जड़ी बूटी की खेती की जा रही है?**

**लैवेंडर**

2016 में लॉन्च किए गए अरोमा मिशन के हिस्से के रूप में जम्मू में लैवेंडर की खेती की जा रही है। लैवेंडर औषधीय गुणों से युक्त एक सुगंधित जड़ी बूटी है। यह मुख्य रूप से आवश्यक तेलों (essential oils) के उत्पादन के लिए व्यावसायिक रूप से महत्वपूर्ण फसल है। एक लीटर लैवेंडर आवश्यक तेल 10,000 रुपये में बेचा जाता है।

➢ **ICLED का पूर्ण रूप क्या है?**

**Inter-band cascade light emitting device**

ICLED या इंटर-बैंड कैस्केड लाइट एमिटिंग डिवाइस एक नए प्रकार का हाई-पावर्ड लाइट एमिटिंग डायोड है जो कई रसायनों के मात्रात्मक विश्लेषण में उपयोग किया जाता है। यह मध्य इन्फ्रारेड तरंग दैर्ध्य क्षेत्रों में प्रकाश का उत्सर्जन करता है। हाल ही में उच्च सटीकता के साथ मीथेन उत्सर्जन का पता लगाने के लिए कम लागत वाले सेंसर विकसित करने के लिए इसका उपयोग किया गया था।

➢ **ऑस्ट्रेलियाई मधुमक्खी की किस दुर्लभ प्रजाति को हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के पूर्वी तट पर देखा गया था?**

**उत्तर – Pharohylaeus lactiferous**

फेरोहाइलेस लैक्टिफेरस ऑस्ट्रेलियाई मधुमक्खी की एक दुर्लभ प्रजाति है जो हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के पूर्वी तट के साथ देखी की गई थी। इसे आखिरी बार 1923 में क्वींसलैंड में एक सदी पहले देखा गया था।

➢ **भारत का सबसे बड़ा ग्राउंड-बेस्ड ऑप्टिकल टेलीस्कोप किस राज्य में स्थापित किया गया है?**

**उत्तर – उत्तराखंड**

भारत का सबसे बड़ा ग्राउंड-बेस्ड ऑप्टिकल टेलिस्कोप उत्तराखंड के देवस्थल में स्थापित किया गया है। यह टेलीस्कोप एक इंडो-बेल्जियम सहयोगी प्रयास का उत्पाद है, जिसे रूसी विज्ञान अकादमी द्वारा सहायता प्राप्त है। यह विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के तहत एक स्वायत्त अनुसंधान निकाय आर्यभट्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ ऑब्जर्वेटिव साइंसेज (ARIES) द्वारा संचालित किया जा रहा है।

➢ **ADFOSC का पूर्ण रूप क्या है?**

**उत्तर – Aries-Devasthal Faint Object Spectrograph & Camera**

ADFOSC या Aries-Devasthal Faint Object Spectrograph & Camera एक कम लागत वाला ऑप्टिकल स्पेक्ट्रोस्कोप है जिसे ARIES, नैनीताल के वैज्ञानिकों द्वारा डिजाइन और विकसित किया गया है। यह स्पेक्ट्रोस्कोप दूर के क्वासरों, आकाशगंगाओं आदि का पता लगाने में मदद करेगा।

➢ **जीवनयापन सुगमता सूचकांक / ईज ऑफ लिविंग इंडेक्स (EoLI)– 2020 किसके द्वारा जारी किया गया ?**

**आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय**

हाल ही में, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा जीवनयापन सुगमता सूचकांक / ईज ऑफ लिविंग इंडेक्स (EoLI)– 2020 की अंतिम रैंकिंग सूची जारी की गयी है। जीवनयापन सुगमता सूचकांक (EoLI), एक मूल्यांकन उपकरण है जो जीवन की गुणवत्ता और शहरी विकास के लिए की जा रही विभिन्न पहलों के प्रभाव का आकलन करता है।

- **जीवनयापन सुगमता सूचकांक–2020 रैंकिंग के अंतर्गत 'मिलियन प्लस' आबादी की श्रेणी में किस शहर ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया ?**

**बेंगलुरु**

**'मिलियन प्लस' /10 लाख से अधिक आबादी वाली श्रेणी:**

सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले शहर के रूप में उभरा है।

इसके बाद पुणे, अहमदाबाद, चेन्नई, सूरत, नवी मुंबई, कोयंबटूर, वडोदरा, इंदौर और ग्रेटर मुंबई का स्थान रहा।

**10 लाख से कम आबादी वाली श्रेणी:**

शिमला, 'जीवनयापन सुगमता' में सर्वोच्च स्थान पर रहा।

इसके बाद भुवनेश्वर, सिलवासा, काकीनाडा, सलेम, वेल्लोर, गांधीनगर, गुरुग्राम, दावणगेरे, और तिरुचिरापल्ली रहे।

- **केंद्रीय आवास और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा 'नगरपालिका कार्य निष्पादन सूचकांक' (Municipal Performance Index– MPI)– 2020 जारी किया गया है। दस लाख से अधिक आबादी वाली श्रेणी में प्रथम स्थान पर कौन सा शहर रहा ?**

**इंदौर**

केंद्रीय आवास और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा 'नगरपालिका कार्य निष्पादन सूचकांक' (Municipal Performance Index– MPI)– 2020 जारी किया गया है।

MPI के अंतर्गत पाँच स्तंभ- सेवाएँ, वित्त, नीति, प्रौद्योगिकी और प्रशासन, हैं।

**शहरों की रैंकिंग:**

नगरपालिका कार्य निष्पादन सूचकांक' (MPI) 2020 के तहत मूल्यांकन ढांचे में जनसंख्या के आधार पर नगरपालिकाओं को दस लाख से अधिक जनसंख्या वाली नगरपालिका और दस लाख से कम आबादी वाले नगरपालिकाओं में श्रेणीबद्ध किया गया है।

**'मिलियन प्लस' / दस लाख से अधिक आबादी वाली श्रेणी:** इंदौर सबसे अधिक रैंक वाली नगरपालिका के रूप में उभरा है, इसके बाद सूरत और भोपाल का स्थान रहा है।

**दस लाख से कम आबादी वाली श्रेणी:** नई दिल्ली नगरपालिका परिषद शीर्ष स्थान पर रही, इसके बाद तिरुपति और गांधीनगर का स्थान रहा।

- **विषय आधारित क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2021 में भारत के कितने संस्थानों को शीर्ष 100 में स्थान प्राप्त हुआ ?**

**12**

**विषय आधारित क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2021**

**(QS World University Rankings by Subject)**

विषय आधारित क्यूएस वर्ल्ड रैंकिंग 2021 में 12 भारतीय संस्थानों ने शीर्ष 100 में स्थान हासिल किया है।

विश्व के शीर्ष 100 संस्थानों में जगह बनाने वाले 12 भारतीय संस्थान – आईआईटी मुंबई, आईआईटी दिल्ली, आईआईटी मद्रास, आईआईटी खड़गपुर, आईआईएससी बेंगलुरु, आईआईटी गुवाहाटी, आईआईएम बेंगलुरु, आईआईएम अहमदाबाद, जेएनयू, अन्ना विश्वविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय और ओ. पी. जिन्दल विश्वविद्यालय हैं।

- ✓ आईआईटी मद्रास को पेट्रोलियम इंजीनियरिंग विषय के लिए विश्व में 30 वाँ स्थान दिया गया है,
- ✓ खनिज और खनन इंजीनियरिंग विषय के लिए आईआईटी बॉम्बे को 41 वाँ स्थान और आईआईटी खड़गपुर को 44 वाँ स्थान दिया गया है,
- ✓ विकास अध्ययन के क्षेत्र में दिल्ली विश्वविद्यालय को 50 वां स्थान दिया गया है।

- **हज़ारा जातीय समूह का सम्बन्ध कहाँ से है ?**

**अफगानिस्तान**

ये मध्य अफगानिस्तान में एक फ़ारसी भाषी जातीय समूह हैं, और मुख्य रूप से हज़ाराजत (Hazarajat)पहाड़ी क्षेत्र में रहते हैं।

हज़ारा जातीय समूह को अफ़ग़ानिस्तान के सबसे उत्पीड़ित समूहों में से एक माना जाता है।

- **वर्ष 2021 का सेरावीक वैश्विक ऊर्जा एवं पर्यावरण नेतृत्व पुरस्कार के लिए किसे चुना गया है ?**

**पीएम नरेंद्र मोदी**

पीएम नरेंद्र मोदी को वर्ष 2021 का सेरावीक वैश्विक ऊर्जा एवं पर्यावरण नेतृत्व पुरस्कार (CERAWeek Global Energy and Environment Leadership Award) प्रदान किया जा रहा है।

सेरावीक ग्लोबल वैश्विक ऊर्जा और पर्यावरण नेतृत्व पुरस्कार की शुरुआत 2016 में की गई थी।

यह वैश्विक ऊर्जा और पर्यावरण के भविष्य के लिए नेतृत्व और ऊर्जा की उपलब्धता, सस्ती ऊर्जा और पर्यावरणीय प्रबंधन के लिए समाधान व नीतियों की पेशकश के उद्देश्य से प्रतिबद्धता को पहचान देती है।

डॉ. डैनियल येर्गिन ने 1983 में सेरावीक की स्थापना की थी।

1983 से ही इसे हर साल ह्यूस्टन में आयोजित किया जा रहा है और इसे दुनिया के प्रतिष्ठित वार्षिक ऊर्जा मंच के रूप में जाना जाता है।

- **किस राज्य में उत्पादित होने वाले 'बाओ-धान' को अमेरिका के लिए निर्यात किया जा रहा है ?**

**असम**

असम में उत्पादित होने वाले 'बाओ-धान' को अमेरिका के लिए निर्यात किया जा रहा है। आयरन से भरपूर 'लाल चावल' असम की ब्रह्मपुत्र घाटी में किसी भी रासायनिक उर्वरक के इस्तेमाल के बिना उगाया जाता है।

चावल की इस किस्म को 'बाओ-धान' कहा जाता है, जो कि असमिया भोजन का एक अभिन्न अंग है।

- **8 मार्च, 2021 को मनाये गए अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की थीम क्या है ?**

**"महिला नेतृत्व: कोविड-19 की दुनिया में एक समान भविष्य को प्राप्त करना"**

2021 के लिए अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की थीम "महिला नेतृत्व: कोविड-19 की दुनिया में एक समान भविष्य को प्राप्त करना" ("Women in leadership: an equal future in a COVID-19 world") रखी गई है. ऐसा कोरोना काल में सेवाएं देने वाली महिलाओं और लड़कियों के योगदान को रेखांकित करने के लिए किया गया है. बीते साल 2020 में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की थीम #EachForEqual थी।

- **आरबीआई ने हाल ही में नकदी संकट से जूझ रहे निजी क्षेत्र के किस बैंक पर रोक लगाते हुए उसके निदेशक मंडल को भंग कर दिया है?**

**यस बैंक**

आरबीआई ने इसके अतिरिक्त बैंक के जमाकर्ताओं के लिए 50,000 रुपये की निकासी की सीमा तय की है. आरबीआई ने इसके साथ ही बैंक के जमाकर्ताओं पर निकासी की सीमा सहित इस बैंक के कारोबार पर कई तरह की पाबंदिया लगा दी हैं. बैंक का नियंत्रण भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के नेतृत्व में वित्तीय संस्थानों के एक समूह के हाथ में देने की तैयारी की गयी है.

- **OPELIP किस संगठन द्वारा वित्त पोषित एक आदिवासी आजीविका विकास कार्यक्रम है?**

**IFAD**

Odisha Particularly Vulnerable Tribal Groups Empowerment and Livelihoods Improvement Programme (OPELIP) अंतर्राष्ट्रीय कृषि विकास निधि (IFAD- International Fund for Agriculture Development ) द्वारा वित्त पोषित एक कार्यक्रम है। इसका उद्देश्य क्षमता निर्माण और बेहतर कृषि प्रथाओं के माध्यम से विशेष रूप से कमजोर आदिवासी समूहों के बीच रहने की स्थिति में सुधार और गरीबी को कम करना है।

- **नागरहोल टाइगर रिजर्व भारत के किस राज्य / केंद्रशासित प्रदेश में स्थित है?**

**कर्नाटक**

नागरहोल टाइगर रिज़र्व, जिसे पहले राजीव गांधी नेशनल पार्क के नाम से जाना जाता था, कर्नाटक में एक वन्यजीव अभ्यारण्य है। यह नीलगिरि बायोस्फीयर रिजर्व का एक हिस्सा है। इसका नाम नागरहोल नदी के नाम पर रखा गया है। यह रिजर्व हाल ही में आग की चपेट में आया, जिससे कई एकड़ वन क्षेत्र नष्ट हो गया है।

- **हाल ही में किस देश ने इज़राइल-फिलिस्तीन विवाद को लेकर अपने रुख पर कायम रहते हुए संयुक्त राष्ट्र में फिलिस्तीन के पक्ष में मतदान किया?**

**भारत**

संयुक्त राष्ट्र ने इज़राइल-फिलिस्तीन संघर्ष के समाधान के लिये भारत को बड़ी भूमिका निभाने का आह्वान किया. इज़राइल और फिलिस्तीन के मध्य संघर्ष का इतिहास लगभग 100 वर्ष पुराना है. संयुक्त राष्ट्र ने फिलिस्तीन में स्वतंत्र यहूदी और अरब राज्यों की स्थापना करने के लिये एक विभाजन योजना प्रस्तुत की जिसे फिलिस्तीन में रह रहे अधिकांश यहूदियों ने स्वीकार कर लिया किंतु अरबों ने इस पर अपनी सहमति प्रकट नहीं की. भारत ने वर्ष 1947 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में फिलिस्तीन के विभाजन के विरुद्ध मतदान किया था.

- **कोविड-19 टीकों को मित्र देशों तक पहुँचाने की भारत की पहल का नाम क्या है?**

**वैक्सीन मैत्री**

वैक्सीन मैत्री पहल 20 जनवरी, 2021 को शुरू हुई थी। इस पहल के तहत, भारत अपने पड़ोसी देशों को मेड-इन-इंडिया कोविड-19 टीके की आपूर्ति करता है। भूटान और मालदीव टीके पाने वाले पहले देश थे। उनके बाद बांग्लादेश, नेपाल, म्यांमार और सेशेल्स हैं। हाल ही में, कोविड टीकों की खेप गुयाना, जमैका और निकारागुआ को भेजी गयी।

- **किस विश्व चैम्पियन बैडमिंटन खिलाड़ी को हाल ही में चौथी बार 'टाइम्स ऑफ इंडिया स्पोर्ट्स पुरस्कारों' में वर्ष का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया?**

**पीवी सिंधु**

रियो ओलंपिक की रजत पदकधारी सिंधु ने पिछले साल स्विट्जरलैंड के बासेल में विश्व चैंपियनशिप का स्वर्ण पदक जीता था. उन्होंने 'अनब्रेकेबल स्पिरिट ऑफ स्पोर्ट्स' पुरस्कार भी जीता. उन्हें साल 2010 में पहली बार भारत की नेशनल टीम में जगह मिली. सिंधू ने 2014 में कॉमनवेल्थ गेम्स में कांस्य पदक जीता. उन्हें इसी साल पहली बार दुनिया के टॉप-10 महिला बैडमिंटन खिलाड़ियों में जगह मिली.

- **CARICOM का मुख्यालय कहाँ है?**

**गुयाना**

CARICOM का अर्थ Caribbean Community है, जिसे 1973 में स्थापित किया गया था और इसका मुख्यालय जॉर्जटाउन, गुयाना में है। CARICOM 20 देशों का समूह है जिसमें पंद्रह सदस्य राष्ट्र और पांच सहयोगी सदस्य हैं। इसका उद्देश्य अपने सदस्यों के बीच आर्थिक एकीकरण और सहयोग स्थापित करना है।

- **भारत सरकार ने हाल ही में वर्ष 2020 के लिए विश्व धरोहर सूची में शामिल करने के लिए कितने स्थानों को नामित किया है?**

**दो**

भारत सरकार ने विश्व धरोहर सूची 2020 में शामिल करने के लिए दो स्थानों को नामांकित किया है. ये दो स्थान- धोलावीरा और दक्कन सल्तनत के स्मारक और किले हैं. धोलावीरा गुजरात का एक पुरातात्विक स्थल है. इसमें प्राचीन सिंधु घाटी सभ्यता के खंडहर हैं. दक्कन सल्तनत में पांच प्रमुख राज्य थे.

- **ICRISAT का पूर्णरूप है?**

**International Crops Research Institute for Semi-Arid Tropics**

ICRISAT एक अंतरराष्ट्रीय संगठन है जो ग्रामीण विकास के लिए कृषि अनुसंधान में शामिल है। इसका मुख्यालय हैदराबाद के पाटनचेरु में स्थित है। ओडिशा सरकार ने हाल ही में OPELIP योजना के माध्यम से राज्य के विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों के लिए क्षमता निर्माण के लिए इस संगठन के साथ मिलकर कार्य करने का निर्णय लिया है।

- **जम्मू नगर निगम ने जम्मू विश्वविद्यालय को किस महाराजा के नाम पर रखने का प्रस्ताव पारित किया है?**

**महाराजा गुलाब सिंह**

महाराजा गुलाब सिंह ने डोगरा वंश की स्थापना की और साल 1846 में जम्मू-कश्मीर के पहले सम्राट बने थे. उनका जन्म साल 1792 में जामवल कुल के एक डोगरा राजपूत परिवार में हुआ था, जो जम्मू के राजपरिवार से ताल्लुख़ रखते थें. महाराजा गुलाब सिंह ने वर्ष 1846 में ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के साथ 'अमृतसर की संधि' पर हस्ताक्षर किये थे.

- **श्रम एवं रोज़गार मंत्री संतोष गंगवार ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में डीजल की डोरस्टेप डिलीवरी हेतु किस मोबाइल ऐप को लॉन्च किया है?**

**हमसफर मोबाइल ऐप**

इस ऐप की सहायता से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में होटल, अस्पताल और हाउसिंग सोसाइटी अपने घर पर डीज़ल की डिलीवरी की जाएगी. यह सुविधा अभी गुरुग्राम, गाज़ियाबाद, नोएडा, फरीदाबाद, हापुड, कुंडली, माणेसर और बहादुरगढ़ में उपलब्ध होगी. हमसफर के पास अभी 12 टैंकर हैं. इनकी क्षमता 4000 से 6000 लीटर की है. इन टैंकरों के अलावा हमसफर के पास 35 लोगों की एक अनुभवी टीम भी है.

- **OPELIP क्या है ?**

**एक आदिवासी आजीविका विकास कार्यक्रम**

Odisha Particularly Vulnerable Tribal Groups Empowerment and Livelihoods Improvement Programme (OPELIP) अंतर्राष्ट्रीय कृषि विकास निधि (IFAD- International Fund for Agriculture Development ) द्वारा वित्त पोषित एक कार्यक्रम है। इसका उद्देश्य क्षमता निर्माण और बेहतर कृषि प्रथाओं के माध्यम से विशेष रूप से कमजोर आदिवासी समूहों के बीच रहने की स्थिति में सुधार और गरीबी को कम करना है।

- **7 मार्च को 'जन औषधि दिवस' के रूप में मनाया गया, इसकी थीम है-**

**'जन औषधि – सेवा भी, रोज़गार भी'**

1-7 मार्च को राष्ट्र भर में 'जन औषधि – सेवा भी, रोज़गार भी' की थीम के रूप में मनाया गया।






➢ **हाल ही में, किस देश में सार्वजनिक रूप से चेहरे को ढंकने पर प्रतिबंध लगाने के संदर्भ में एक जनमत संग्रह आयोजित कराया गया ?**

**स्विट्जरलैंड**

स्विट्जरलैंड में सार्वजनिक रूप से चेहरा ढंकने पर प्रतिबंध

हाल ही में, स्विट्जरलैंड में, सार्वजनिक रूप से चेहरे को ढंकने पर प्रतिबंध लगाने के संदर्भ में एक जनमत संग्रह आयोजित कराया गया, जिसमे कम अंतर के साथ प्रतिबंध लगाने के पक्ष मतदान किया गया। इसमें मुस्लिम महिलाओं द्वारा पहना जाने वाला बुर्का या नकाब भी शामिल है।

अपवाद: पूजा स्थलों और अन्य धार्मिक स्थलों पर पूरे चेहरे को ढंकने की अनुमति दी गयी है। इसके अलावा, स्वास्थ्य और सुरक्षा कारणों से तथा 'कार्निवाल' जैसे 'स्थानीय रीति-रिवाजों' के अवसर चेहरे को ढकने की अनुमति है।

➢ **असोला भट्टी वन्यजीव अभयारण्य अवस्थित है -**

**उत्तर – दिल्ली**

सर्वोच्च न्यायालय द्वारा स्थापित रिज मैनेजमेंट बोर्ड ने असोला भट्टी वन्यजीव अभयारण्य (दिल्ली) की खानों में अक्रिय (गैर-प्रतिक्रियाशील) अपशिष्ट के क्षेपण/डंपिंग के प्रस्ताव की समीक्षा हेतु एक विशेषज्ञ समिति गठित करने का निर्णय लिया है।

अक्रिय अपशिष्ट वह कचरा है जो न तो जैविक रूप से प्रतिक्रियाशील है और न ही रासायनिक रूप से। इस प्रकार का अपशिष्ट या तो विघटित नहीं होता या बहुत धीरे-धीरे विघटित होता है।

असोला-भट्टी वन्यजीव अभयारण्य 32.71 वर्ग किमी क्षेत्र में फैला है और यह दिल्ली-हरियाणा सीमा पर अरावली पर्वत शृंखला के दक्षिणी दिल्ली रिज (कटक/पर्वत श्रेणी) पर स्थित है।

गुरुग्राम और फरीदाबाद में असोला भट्टी वन्यजीव अभयारण्य के आस-पास 1 किमी का क्षेत्र एक पर्यावरण-संवेदी क्षेत्र है |

इस क्षेत्र में वाणिज्यिक खनन, उद्योगों की स्थापना और प्रमुख जलविद्युत परियोजनाओं की स्थापना जैसी गतिविधियाँ प्रतिबंधित हैं।

- **किस देश की सरकार ने 'स्वाधीनता पुरस्कार 2021' प्रदान करने की घोषणा की है।**

**बांग्लादेश**

बांग्लादेश सरकार ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले नौ प्रसिद्ध हस्तियों और एक संगठन को सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार 'स्वाधीनता पुरस्कार 2021' प्रदान करने की घोषणा की है। चार नागरिकों के नाम का चयन बांग्लादेश मुक्ति संग्राम में उनके योगदान के लिये स्वतंत्रता सेनानियों की श्रेणी में पुरस्कार हेतु मरणोपरांत किया गया है। वहीं पाँच नागरिकों को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, साहित्य, संस्कृति और सामाजिक सेवा आदि श्रेणियों में पुरस्कार के लिये सम्मानित किया गया है। संगठनों की श्रेणी में बांग्लादेश कृषि अनुसंधान परिषद को अनुसंधान और प्रशिक्षण के लिये नामित किया गया है। यह पुरस्कार बांग्लादेश की स्वतंत्रता के बाद वर्ष 1977 से दिया जा रहा है। इस पुरस्कार के तहत एक स्वर्ण पदक और 5 लाख टका नकद दिया जाता है।

- **हाल ही में प्रकाशित नगरपालिका प्रदर्शन सूचकांक (Municipal Performance Index) के अनुसार, कौन सा शहर मिलियन-प्लस शहरों की श्रेणी में पहले स्थान पर है?**

**इंदौर**

केंद्र ने हाल ही में नगरपालिका प्रदर्शन सूचकांक (MPI) प्रकाशित किया। इस सूचकांक में, इंदौर को मिलियन-प्लस शहरों की श्रेणी में पहले स्थान पर रखा गया है। इसके बाद सूरत और भोपाल का स्थान है। जबकि मिलियन से कम की श्रेणी 'में, नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (NDMC) पहले स्थान पर रही है और उसके बाद तिरुपति और गांधीनगर का स्थान है।

- **बाओ धान की खेती किस मिटटी में की जाती है ?**

**जलोढ़**

बाओ धान लाल चावल की एक किस्म है जो लोहे से समृद्ध होती है। असम में ब्रह्मपुत्र घाटी में जलोढ़ मिट्टी में इसकी खेती की जाती है। हाल ही में, अमेरिका के लिए 'लाल चावल' की पहली खेप को रवाना किया गया। इस चावल की अनूठी विशेषता यह है कि यह बिना किसी रासायनिक उर्वरक के उपयोग के उगाया जाता है।

- **मिलियन-प्लस जनसंख्या श्रेणी में, "ईज ऑफ लिविंग इंडेक्स-2020" के अनुसार कौन सा शहर सर्वश्रेष्ठ शहर के रूप में उभरा ?**

**बेंगलुरु**

केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी द्वारा जारी "ईज ऑफ लिविंग इंडेक्स -2020" के अनुसार बेंगलुरु सबसे अच्छे शहर के रूप में उभरा। शिमला दस लाख से कम आबादी वाले शहरों की श्रेणी में सबसे ऊपर है।

- **हाल ही में किस एनजीओ ने वैश्विक राजनीतिक अधिकारों और स्वतंत्रता पर अपनी वार्षिक रिपोर्ट प्रकाशित की ?**

**freedom House**

अमेरिकी सरकार द्वारा वित्त पोषित एनजीओ "फ्रीडम हाउस" ने हाल ही में वैश्विक राजनीतिक अधिकारों और स्वतंत्रता पर अपनी वार्षिक रिपोर्ट प्रकाशित की। इसने भारत की स्थिति को 'मुक्त' से 'आंशिक रूप से मुक्त' कर दिया है।

- **सिमलीपाल बायोस्फीयर रिजर्व किस भारतीय राज्य में स्थित है?**

**ओडिशा**

सिमलीपाल बायोस्फीयर रिजर्व में सिमलीपाल राष्ट्रीय उद्यान और बाघ रिजर्व के साथ-साथ इसके आस-पास के क्षेत्र शामिल हैं। यह ओडिशा में पूर्वी घाट के पूर्वी छोर में स्थित है। 'सिमलीपाल' नाम 'सिमुल' से लिया गया है जिसका अर्थ है रेशम के पेड़। हाल ही में, इस राष्ट्रीय उद्यान में आग लगी थी।

- **विश्व वन्यजीव दिवस कब मनाया जाता है।**

**3 मार्च**

विश्व वन्यजीव दिवस प्रतिवर्ष 3 मार्च को मनाया जाता है। 20 दिसंबर 2013 को, संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 3 मार्च को विश्व वन्यजीव दिवस के रूप में घोषित करने का निर्णय लिया था। इस दिवस को जंगली जीवों और वनस्पतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिये मनाया जाता है। इस दिन, 1973 में वन्य जीवों और वनस्पतियों की लुप्तप्राय प्रजातियों में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पर कन्वेंशन (CITES) को अंगीकृत किया गया था।

दुनिया के कई प्रमुख संगठनों द्वारा यह दिवस मनाया जा जाता है। इसमें संयुक्त राष्ट्र महासभा, CITES और अन्य क्षेत्रीय और गैर-सरकारी संगठन शामिल हैं। इस दिन, वे सहयोगी साझेदारी बनाने तथा संरक्षण कार्यक्रम आयोजित करते हैं।

- **'स्मार्टअप-उन्नति' कार्यक्रम के तहत प्रारंभ में कितनी महिला उद्यमियों को लक्षित किया जाएगा।**

**3000**

'स्मार्टअप-उन्नति'

महिला उद्यमियों को समर्थन एवं सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से HDFC बैंक ने हाल में 'स्मार्टअप-उन्नति' नाम से एक कार्यक्रम की शुरुआत की घोषणा की है। इसके तहत HDFC बैंक की डोमेन विशेषज्ञ एवं वरिष्ठ महिलाकर्मी आगामी एक वर्ष में महिला उद्यमियों को परामर्श संबंधी सेवाएँ प्रदान करेंगी, ताकि उन्हें अपने लक्ष्य को पूरा करने में सहायता प्रदान की जा सके। ज्ञात हो कि यह कार्यक्रम बैंक के केवल मौजूदा ग्राहकों के लिये उपलब्ध है। 'स्मार्टअप-उन्नति' कार्यक्रम के तहत प्रारंभ में 3000 महिला उद्यमियों को लक्षित किया जाएगा।

- **हाल ही में किस राज्य में देश के पहले वन चिकित्सा केंद्र का उद्घाटन किया गया है ?**

**उत्तराखंड**

हाल ही में उत्तराखंड के रानीखेत में देश के पहले वन चिकित्सा केंद्र का उद्घाटन किया गया है। यह वन चिकित्सा केंद्र का विकास उत्तराखंड वन विभाग के अनुसंधान विंग द्वारा वनों के उपचारात्मक गुणों और समग्र स्वास्थ्य एवं कल्याण पर उसके प्रभाव को लेकर किये गए व्यापक शोध के बाद किया गया है। यह केंद्र लगभग 13 एकड़ क्षेत्र में फैला हुआ है।

- **किस भारतीय पहलवान ने विश्व में नंबर एक रैंकिंग हासिल कर ली है ?**

**बजरंग पुनिया**

भारतीय पहलवान बजरंग पुनिया ने विश्व में नंबर एक रैंकिंग हासिल कर ली है। उन्होंने माटेयो पेलिकोन रैंकिंग सीरीज में लगातार दूसरा स्वर्ण पदक जीतने के बाद यह रैंकिंग हासिल की।

बजरंग पुनिया ने मंगोलिया के तुल्गा तुमुर ओचिर को 65 किलोग्राम में 2-2 मानदंडों से हराया। उन्होंने अंतिम 30 सेकंड के बाउट में दो-अंक प्राप्त करने के बाद यह इवेंट जीता। कोविड-19 के प्रकोप के बाद से बजरंग पुनिया की यह पहली अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता थी।

- **निम्नलिखित में से किसे पुनः 2021 के लिए संयुक्त राष्ट्र के बाहरी लेखा परीक्षकों के पैनल के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया है ?**

**गिरीश चंद्र मुर्मू**

भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक गिरीश चंद्र मुर्मू को 2021 के लिए संयुक्त राष्ट्र के बाहरी लेखा परीक्षकों के पैनल के अध्यक्ष के रूप में फिर से नियुक्त किया गया है।

- **हाल ही में किस राज्य के मुख्यमंत्री ने अपने पद से इस्तीफा दिया है ?**

**उत्तर – उत्तराखंड**

त्रिवेंद्र सिंह रावत ने 8 मार्च, 2021 को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री के रूप में इस्तीफा दे दिया। 2017 की शुरुआत में विधानसभा चुनावों में भाजपा की जीत के बाद सीएम बने रावत ने राज्यपाल बेबी राय मौर्य से मुलाकात के बाद इस्तीफा दे दिया।

- **द हेरिटेज फाउंडेशन द्वारा किस देश को आर्थिक स्वतंत्रता सूचकांक में पहला स्थान दिया गया है ?**

**सिंगापुर**

द हेरिटेज फाउंडेशन द्वारा सिंगापुर को आर्थिक स्वतंत्रता सूचकांक में पहला स्थान दिया गया

सिंगापुर ने आर्थिक स्वतंत्रता सूचकांक में पहला स्थान हासिल किया, जबकि भारत 121वां स्थान हासिल किया।

- **किस टेक्नोलॉजी कंपनी ने भारत में 'Women Will' वेब प्लेटफॉर्म लॉन्च किया है?**

**गूगल**

गूगल ने भारत में एक नया 'Women Will' वेब प्लेटफॉर्म पेश किया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य उन महिलाओं को मार्गदर्शन प्रदान करना है जो उद्यमी बनना चाहती हैं। गूगल ने 'इंटरनेट साथी' पहल को बंद करने की भी घोषणा की। पिछले छह वर्षों में, इस पहल ने ग्रामीण भारत में 30 मिलियन से अधिक महिलाओं को प्रशिक्षित किया है।

- **BWF स्विस ओपन सुपर 300 में किस टेनिस स्टार ने स्वर्ण पदक जीता?**

**उत्तर- कैरोलिना मारिन**

ओलंपिक चैंपियन कैरोलिना मारिन ने बीडब्ल्यूएफ स्विस ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने महिला एकल के फाइनल मैच में भारत की बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु को 12-21, 5-21 से हराया।

- **भारतीय नौसेना के जहाज आईएनएस कुलिश और आईएनएस सुमेधा ने पहली बार किस देश के बंदरगाह का दौरा किया?**

**बांग्लादेश**

भारतीय नौसेना के जहाज आईएनएस कुलिश और आईएनएस सुमेधा हाल ही में बांग्लादेश के बंदरगाह शहर मोंगला पहुंचे। वे 'स्वर्णिम विजय वर्ष' (1971 के मुक्ति संग्राम) को मनाने के लिए बांग्लादेश का दौरा कर रहे हैं। आईएनएस सुमेधा एक स्वदेशी रूप से निर्मित अपतटीय गश्ती पोत (offshore patrol vessel) है और आईएनएस कुलिश स्वदेश निर्मित गाइडेड मिसाइल कार्वेट (guided missile corvette) है।

- **हाल ही में खबर में रहा सिंगोरगढ़ किला किस राज्य / केंद्रशासित प्रदेश में स्थित है?**

**उत्तर- मध्य प्रदेश**

भारत के राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने मध्य प्रदेश में दमोह जिले के सिंगोरगढ़ किले के संरक्षण कार्यों का उद्घाटन किया। संस्कृति मंत्रालय और राज्य के जनजातीय मामलों के विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दौरान, राष्ट्रपति ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के नवगठित जबलपुर सर्कल का उद्घाटन भी किया।

- **'वर्तमान में, भारत में कितनी विश्व विरासत संपत्तियां हैं।**

**38**

वर्तमान में, भारत में 38 विश्व विरासत संपत्तियां हैं। इसके अलावा, भारत में 42 स्थलों को 'संभावित सूची' में सूचीबद्ध किया गया हैं जोकि 'विश्व विरासत स्थल' में शामिल होने के लिए एक पूर्व शर्त होती है।

विश्व धरोहर स्थलों की सूची, यूनेस्को की 'विश्व विरासत समिति' द्वारा प्रशासित 'अंतर्राष्ट्रीय विश्व धरोहर कार्यक्रम' द्वारा तैयार की जाती है। इस समिति में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा निर्वाचित यूनेस्को के 21 सदस्य देश होते है।

प्रत्येक विश्व धरोहर स्थल, जहाँ वह अवस्थित होता है, उस देश के वैधानिक क्षेत्र का भाग रहता है तथा यूनेस्को द्वारा इसके संरक्षण को अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के हित में माना जाता है।

विश्व विरासत स्थल के रूप में चयनित होने के लिए, किसी स्थल को पहले से ही भौगोलिक एवं ऐतिहासिक रूप से विशिष्ट, सांस्कृतिक या भौतिक महत्व वाले स्थल के रूप में अद्वितीय, विशिष्ट स्थल चिह्न अथवा प्रतीक के रूप में वर्गीकृत होना चाहिए।

- **निम्नलिखित में से किसे पुनः अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (IOC) के अध्यक्ष के रूप में चुना गया है ?**

**उत्तर थॉमस बाच**

थॉमस बाख 2025 तक IOC के अध्यक्ष के रूप में फिर से चुने गए | अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (IOC) के अध्यक्ष थॉमस बाक 10 मार्च, 2021 को चार साल के अतिरिक्त कार्यकाल के लिए फिर से चुने गए।

- **हाल ही में किस देश ने अंतरिक्ष में पहला सैन्य अभ्यास "AsterX" शुरू किया है ?**

**उत्तर – फ्रांस**

फ्रांस ने अंतरिक्ष में पहला सैन्य अभ्यास "AsterX" शुरू किया | फ्रांस ने अपने उपग्रहों और अन्य रक्षा उपकरणों की रक्षा करने की क्षमता का मूल्यांकन करने के लिए 8 मार्च को अपना पहला सैन्य अभ्यास शुरू किया।

- **किसे भारत के नए मुख्य सांख्यिकीविद् के रूप में नियुक्त किया गया है ?**

**जी पी सामंत**

सरकार ने जी.पी. सामंत को सांख्यिकी और कार्यक्रम मंत्रालय के तहत भारत के नए मुख्य सांख्यिकीविद् के रूप में दो साल की अवधि के लिए नियुक्त किया है।

- **रसीन बांध और चिल्लीमल बांध का सम्बन्ध भारत के किस राज्य से है ?**

**उत्तर प्रदेश**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 10 मार्च, 2021 को चित्रकूट में रसीन बांध और चिल्लीमल बांध का उद्घाटन किया। सरकार की इस पहल से लोगों को पानी की कमी की समस्या से राहत मिलेगी। बाद में दिन में, सीएम ने चित्रकूट में विभिन्न विकास परियोजनाओं का भी उद्घाटन किया।

- **हाल ही में हेलिकॉप्टर दुर्घटना में मारे गए ओलिवियर डसॉल्ट किस देश के राजनीतिज्ञ और अरबपति थे ?**

**फ्रांस**

फ्रांसीसी अरबपति राजनेता ओलिवियर डसॉल्ट की हाल ही में उत्तर पश्चिमी फ्रांस में एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मृत्यु हो गई। वह देश की राष्ट्रीय सभा के सदस्य भी थे। वह डसॉल्ट विमान बनाने वाले परिवार के वंशज था। डसॉल्ट एविएशन समूह एक प्रमुख फ्रांसीसी विमान निर्माता है।

- **हबल टेलीस्कोप के उत्तराधिकारी के रूप में NASA, ESA और CSA द्वारा किस टेलिस्कोप का निर्माण किया जा रहा है?**

**जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप**

जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप का निर्माण यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ESA), कनाडाई अंतरिक्ष एजेंसी (CSA) और नासा के बीच सहयोग से किया जा रहा है। यह नासा के हबल टेलीस्कोप का उत्तराधिकारी है। इस टेलीस्कोप को 31 अक्टूबर 2021 को एरियन 5 रॉकेट पर फ्रेंच गुयाना से लॉन्च किया जायेगा। नासा ने घोषणा की कि दो व्यापक सिस्टम परीक्षण टीमों द्वारा पूरे किए गए हैं।

- **भारत की आजादी के 75 वर्षों के उपलक्ष्य में गठित समिति के प्रमुख कौन हैं?**

**प्रधानमंत्री**

केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में भारत की आजादी के 75 वर्षों के उपलक्ष्य में एक समिति का गठन किया। इस समिति ने हाल ही में अपनी पहली बैठक आयोजित की। इस समिति में पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और एच.डी. देवेगौड़ा सहित 259 सदस्य शामिल हैं।

- **प्रतिवर्ष केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल का स्थापना दिवस मनाया जाता है-**

**10 मार्च**

प्रतिवर्ष 10 मार्च को केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल का स्थापना दिवस मनाया जाता है। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल गृह मंत्रालय के तहत कार्य करता है। इसकी स्थापना 1969 में CISF अधिनियम, 1968 के तहत की गयी थी।

केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (Central Industrial Security Force) अर्धसैनिक बल हैं, जिसका कार्य सरकारी कारखानो एवं अन्य सरकारी उपक्रमों को सुरक्षा प्रदान करना है। यह देश के विभिन्न महत्वपूर्ण संस्थानों की भी सुरक्षा करता है। इस बल का गठन 10 मार्च 1969 में हुआ था। इस बल की संख्या लगभग 1.50 लाख है। सरकारी उपक्रमों की सुरक्षा के आलावा देश के आंतरिक सुरक्षा,विशिष्ट लोगों की सुरक्षा,मेट्रो,परमाणु संस्थान,ऐतिहासिक धरोहरों,आदि की भी सुरक्षा करता है।

- **किन देशो के बीच संयुक्त युद्धाभ्यास 'दस्तलिक' आयोजित किया जा रहा है ?**

**भारतीय सेना और उजबेकिस्तान सेना के बीच**

भारतीय सेना और उजबेकिस्तान सेना के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास 'दस्तलिक' का दूसरा संस्करण भारत में आयोजित किया जा रहा है।
यह सैन्य अभ्यास, आतंकवाद विरोधी अभियानों पर आधारित है और इसका उद्देश्य दोनों देशों के मध्य सैन्य सहयोग बढ़ाना है।

- **वायरस पासपोर्ट किस देश द्वारा शुरू किया गया है ?**

**चीन**

वायरस पासपोर्ट चीन द्वारा शुरू किया गया है। मूल रूप से, यह चीन के अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों हेतु एक 'स्वास्थ्य प्रमाणपत्र' कार्यक्रम है। इस डिजिटल प्रमाणपत्र में उपयोगकर्ता की टीकाकरण-स्थिति और उसके वायरस परीक्षण परिणामों का विवरण होता है।

हालांकि यह प्रमाण पत्र चीन में आने तथा चीन से बाहर यात्रा करने के लिए मान्य है, किंतु वर्तमान में यह केवल चीनी नागरिकों द्वारा उपयोग के लिए उपलब्ध है तथा इसे अभी अनिवार्य नहीं किया गया है। चीनी यात्रियों के विदेश जाने पर, अन्य देशों में वहां के अधिकारियों द्वारा इसका उपयोग करने संबंधी कोई संकेत नहीं है।

- **उत्पादन क्षमता के हिसाब से भारत में अब तक का सबसे बड़ा फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट किस प्रदेश में स्थापित किया जा रहा है ?**

**तेलंगाना**

उत्पादन क्षमता के हिसाब से देश में अब तक का सबसे बड़ा फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट तेलंगाना के पेड्डापल्ली जिले के रामागुंडम में NTPC द्वारा अपने थर्मल प्लांट के जलाशय में स्थापित किया जा रहा है। इसे अगले मई-जून तक चालू करने की तैयारी है। उत्पादन क्षमता: 100 मेगावाट।

- **किस सुप्रसिद्ध अभिनेता को 'इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ फिल्म आर्काइव्स' (FIAF) पुरस्कार 2021 से सम्मानित किया जाएगा ?**

**अमिताभ बच्चन**

भारत के सुप्रसिद्ध अभिनेता अमिताभ बच्चन को 'इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ फिल्म आर्काइव्स' (FIAF) पुरस्कार 2021 से सम्मानित किया जाएगा। अमिताभ बच्चन इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ फिल्म आर्काइव्स (FIAF) पुरस्कार से सम्मानित होने वाले पहले भारतीय होंगे। अमिताभ बच्चन को यह पुरस्कार फिल्म विरासत के संरक्षण में उनके योगदान और समर्पण हेतु प्रदान किया जा रहा है।

- **ध्यानचंद राष्ट्रीय खेल पुरस्कार से सम्मानित और वरिष्ठ भारतीय एथलीट जिनका हाल ही में 91 वर्ष की आयु में निधन हो गया है -**

**ईशर सिंह देयोल**

ध्यानचंद राष्ट्रीय खेल पुरस्कार से सम्मानित और वरिष्ठ भारतीय एथलीट ईशर सिंह देयोल का हाल ही में 91 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। ईशर सिंह देयोल ने वर्ष 1951 के बाद अपने संपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय कॅरियर के दौरान कई पदक जीते और खेल में उनके आजीवन योगदान को देखते हुए उन्हें वर्ष 2009 में ध्यानचंद राष्ट्रीय पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था। ज्ञात हो कि ईशर सिंह देयोल बीते 30 वर्ष से पंजाब एथलीट एसोसिएशन के महासचिव और एथलेटिक फेडरेशन ऑफ इंडिया के उपाध्यक्ष के रूप में कार्य कर रहे थे। ईशर सिंह देयोल ने शुरुआती तीनों एशियाई खेलों में हिस्सा लिया और वर्ष 1954 में फिलीपींस के मनीला में आयोजित दूसरे एशियाई खेलों में उन्होंने कांस्य पदक भी जीता था।

- **Asset Reconstruction Co India Ltd (ARCIL) के प्रमुख के रूप में किसे नियुक्त किया गया है?**

**पल्लव महापात्र**

सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के पूर्व सीईओ पल्लव महापात्र को Asset Reconstruction Co India Ltd (ARCIL) के प्रमुख के रूप में नियुक्त किया गया है। ARCIL भारत की सबसे पुरानी संपत्ति पुनर्निर्माण कंपनी है, और इसे 2002 में स्थापित किया गया था। पल्लव महापात्र सीईओ के रूप में विनायक बहुगुणा का स्थान ले रहे हैं।

- **किस संस्थान ने आर्थिक मामलों के विभाग के साथ परिसंपत्ति मुद्रीकरण (Asset Monetisation) पर एक राष्ट्रीय-स्तरीय वर्चुअल कार्यशाला का आयोजन किया?**

  **नीति आयोग**

  नीति आयोग ने आर्थिक मामलों के विभाग (DEA) के साथ मिलकर परिसंपत्ति मुद्रीकरण पर एक राष्ट्रीय स्तर की वर्चुअल कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला की अध्यक्षता केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने की और इसमें राज्यों के मुख्य सचिव और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रशासक शामिल थे।

- **किस विभाग ने अपने अधिकारियों के लिए ऑनलाइन 5G प्रमाणन पाठ्यक्रम शुरू किया है?**

  **दूरसंचार विभाग**

  दूरसंचार विभाग (DoT) ने अपने अधिकारियों के लिए ऑनलाइन 5G प्रमाणन पाठ्यक्रम शुरू किया है। विभाग का लक्ष्य 5G विशेषज्ञों और नीति निर्माताओं का एक इन-हाउस पूल बनाना है।

- **किस भारतीय राज्य / केंद्रशासित प्रदेश ने विशेष महिला मुहल्ला क्लीनिक शुरू करने की घोषणा की है?**

  **नई दिल्ली**

  दिल्ली सरकार ने हाल ही में घोषणा की कि अगले वित्तीय वर्ष में शहर भर में विशेष महिला मोहल्ला क्लीनिक खोले जाएंगे। वर्ष 2021-22 के लिए सरकार के वार्षिक बजट को प्रस्तुत करते हुए डिप्टी सीएम और वित्त मंत्री मनीष सिसोदिया ने इस योजना की घोषणा की।

- **स्वास्थ्य और शिक्षा उपकर की आय से सम्बंधित स्वास्थ्य आरक्षित निधि का नाम क्या है?**

  **प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा निधि**

  प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा निधि (PMSSN) को मंजूरी दे दी है। यह वित्त अधिनियम, 2007 के तहत लगाए गए स्वास्थ्य और शिक्षा उपकर की आय से एकल गैर-चूक योग्य स्वास्थ्य आरक्षित निधि (single non-lapsable health reserve fund) है।

- **किसे पुनः अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (IOC) के अध्यक्ष के रूप में चुना गया है ?**

  **थॉमस बाच**

  थॉमस बाख 2025 तक IOC के अध्यक्ष के रूप में फिर से चुने गए

  अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (IOC) के अध्यक्ष थॉमस बाक 10 मार्च, 2021 को चार साल के अतिरिक्त कार्यकाल के लिए फिर से चुने गए।

- **हाल ही में किस देश ने अंतरिक्ष में पहला सैन्य अभ्यास “AsterX” शुरू किया है ?**

  **फ्रांस**

  फ्रांस ने अंतरिक्ष में पहला सैन्य अभ्यास “AsterX” शुरू किया |

  फ्रांस ने अपने उपग्रहों और अन्य रक्षा उपकरणों की रक्षा करने की क्षमता का मूल्यांकन करने के लिए 8 मार्च को अपना पहला सैन्य अभ्यास शुरू किया।

- **विश्व का सबसे शक्तिशाली सुपर कंप्यूटर है -**

  **‘फुगाकू’**

  जापान के वैज्ञानिकों ने विश्व के सबसे शक्तिशाली सुपर कंप्यूटर ‘फुगाकू’ को पूरी तरह से विकसित कर लिया है और अब यह अत्याधुनिक मशीन अनुसंधान के उपयोग हेतु उपलब्ध है। ज्ञात हो कि जापानी वैज्ञानिक अनुसंधान संस्थान ‘रिकेन’ (RIKEN) और ‘फुजित्सु’ (FUJITSU) ने जापान की कंप्यूटिंग अवसंरचना में वृद्धि करने के उद्देश्य से तकरीबन छह वर्ष पूर्व इस सुपर कंप्यूटर पर कार्य करना शुरू किया था। वैज्ञानिकों के मुताबिक, ‘फुगाकू’ सुपर कंप्यूटर में जापान के ही ‘के-सुपर कंप्यूटर’ की तुलना में 100 गुना अधिक प्रदर्शन क्षमता है और इसे मुख्य रूप से उच्च-रिज़ॉल्यूशन, लंबी अवधि और बड़े पैमाने पर सिमुलेशन को लागू करने हेतु विकसित किया गया है।

- **प्रधानमंत्री ने 12 मार्च, 2021 को कहाँ पर आज़ादी के ‘अमृत महोत्सव’ (India@75) का उद्घाटन किया ?**

  **अहमदाबाद के साबरमती आश्रम पर**

  प्रधानमंत्री ने 12 मार्च, 2021 को अहमदाबाद के साबरमती आश्रम में आज़ादी के ‘अमृत महोत्सव’ (India@75) का उद्घाटन किया। आजादी का ‘अमृत महोत्सव’ भारत की स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगाँठ मनाने हेतु भारत सरकार द्वारा आयोजित कार्यक्रमों की एक श्रृंखला है। यह महोत्सव जनभागीदारी की भावना के साथ जन उत्सव के रूप में मनाया जाएगा। स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगाँठ पर आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों के बारे में नीतियों और योजनाओं को तैयार करने हेतु गृहमंत्री की अध्यक्षता में एक राष्ट्रीय क्रियान्वयन समिति बनाई गई है।

  महोत्सव के शुरुआती कार्यक्रम 12 मार्च, 2021 से प्रारंभ होंगे। ध्यातव्य है कि ये कार्यक्रम 15 अगस्त, 2022 से 75 सप्ताह पूर्व आयोजित किये जा रहे हैं। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने साबरमती आश्रम से पदयात्रा (स्वतंत्रता मार्च) भी शुरू की। 241 मील की यह यात्रा 25 दिन में 5 अप्रैल को समाप्त होगी।

- **हाल ही में 10,000 रन पूरे करने वाली पहली भारतीय क्रिकेटर बनीं है -**

**मिताली राज**

मिताली राज 12 मार्च, 2021 को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दूसरे सभी प्रारूपों में 10,000 रन पूरे करने वाली पहली भारतीय क्रिकेटर बनीं।

- **हाल ही में किस देश के नेताओं ने क्वाड लीडर्स समिट में हिस्सा लिया ?**

**भारत, ऑस्ट्रेलिया, जापान और अमेरिका**

भारत, ऑस्ट्रेलिया, जापान और अमेरिकी के नेताओं ने क्वाड लीडर्स समिट में हिस्सा लिया

प्रथम क्वाड लीडर्स समिट 12 मार्च 2021 को आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन, जापानी प्रधानमंत्री योशीहिदे सुगा और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाईडेन ने इस शिखर सम्मेलन में भाग लिया।

- **हाल ही में कितने लेखको को साहित्य अकादमी पुरस्कार 2020 से सम्मानित किया गया है ?**

**20 लेखकों को**

साहित्य अकादमी पुरस्कार 2020: 20 विजेताओं की घोषणा की गयी

राजनीतिज्ञ-लेखक एम वीरप्पा मोइली, कवि अरुंधति सुब्रमण्यम सहित 20 लेखकों को साहित्य अकादमी पुरस्कार 2020 से सम्मानित किया जाएगा

- **हाल के एक अध्ययन के अनुसार, महासागरों के गर्म होने से किस प्रजाति के चयापचय (metabolism) पर असर पड़ता है?**

**शार्क**

'साइंटिफिक रिपोर्ट्स' जर्नल में प्रकाशित एक ताजा अध्ययन के अनुसार, महासागरों के गर्म होने से शार्क के चयापचय पर असर पड़ता है। गर्म तापमान में पाले गए शार्क का वजन औसत तापमान में रहने वाली शार्क से कम होता है।

- **'APEDA' किस केंद्रीय मंत्रालय के तहत स्थापित किया गया था?**

**वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय**

कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (APEDA) भारत सरकार द्वारा APEDA अधिनियम के तहत स्थापित किया गया था। इसकी स्थापना वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के तहत की गई थी। APEDA ने हाल ही में कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए अपना पहला वर्चुअल व्यापार मेला शुरू किया।

- **हाल ही में लॉन्च की गई 'Xcelerator Bangalore' (XB) पहल के लाभार्थी कौन हैं?**

**महिलाओं के स्वामित्व वाले सूक्ष्म व्यवसाय**

कर्नाटक के मुख्यमंत्री बी.एस. येदियुरप्पा ने महिलाओं के स्वामित्व वाले सूक्ष्म व्यवसायों को सहायता प्रदान करने के लिए 'Xcelerator Bangalore' (XB) पहल लॉन्च की है। XB एक क्यूरेटेड छह महीने का एक्सीलेरेटर प्रोग्राम है, जिसे UBUNTU कंसोर्टियम ऑफ वुमन एंटरप्रेन्योर्स एसोसिएशन, फेडरेशन ऑफ कर्नाटक चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (FKCCI) और ग्लोबल अलायंस फॉर मास एंटरप्रेन्योरशिप (GAME) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया है।

- **हाल ही में भारतीय नौसेना में शामिल पारंपरिक पनडुब्बी का नाम है-**

**आईएनएस करंज**

हाल ही में आईएनएस करंज (INS Karanj) स्कॉर्पीअन श्रेणी की तीसरी पारंपरिक डीजल-इलेक्ट्रिक पनडुब्बी है। जिसे भारतीय नौसेना में शामिल किया गया था।

- **63वें ग्रैमी अवार्ड्स, 2021 में 28 ग्रैमी पुरस्कार जीतने वाली एकमात्र महिला कलाकार बन गई हैं-**

**बियॉन्से**

14 मार्च, 2021 को कोविड-19 महामारी के बीच 63वें ग्रैमी अवार्ड्स, 2021 को लॉस एंजिल्स में आयोजित किया गया।

इस पुरस्कार समारोह में मीगन द स्टालियन (Meghan Thee Stallion) और हैरी स्टाइल्स (Harry Styles) को पुरस्कार प्रदान किए गए। इस अवार्ड शो में, बियॉन्से (Beyonce) ने एक इतिहास रचा, वह 28 ग्रैमी पुरस्कार जीतने वाली एकमात्र महिला कलाकार बन गई हैं। इसके अलावा, उन्हें इस वर्ष सबसे बड़ी संख्या में नामांकन (9) प्राप्त हुआ।

- **उडुपी रामचंद्र राव (Udupi Ramachandra Rao) कौन थे ?**

**भारतीय अंतरिक्ष वैज्ञानिक**

गूगल ने 10 मार्च, 2021 को अपने "गूगल डूडल" के माध्यम से प्रसिद्ध भारतीय प्रोफेसर और वैज्ञानिक उडुपी रामचंद्र राव (Udupi Ramachandra Rao) का 89 वां जन्मदिन मनाया। डूडल में प्रोफेसर राव की एक स्केच और पृथ्वी की पृष्ठभूमि थी, यह अंतरिक्ष क्षेत्र में उनके योगदान को चिह्नित करता है।

उडुपी रामचंद्र राव एक भारतीय अंतरिक्ष वैज्ञानिक थे। उन्होंने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के अध्यक्ष के रूप में भी काम किया। वे तिरुवनंतपुरम में इंडियन इंस्टीट्यूट फॉर स्पेस साइंस एंड टेक्नोलॉजी (Indian Institute for Space Science and Technology-IIST) के

गवर्निंग काउंसिल के अध्यक्ष भी थे। उन्हें “भारत के सैटेलाइट मैन” (India’s Satellite Man) के रूप में याद किया जाता है। उनका निधन वर्ष 2017 में हुआ था। उनका जन्म 10 मार्च, 1932 को कर्नाटक के एक गाँव में हुआ था।

➢ **भारत का पहला केंद्रीयकृत वातानुकूलित रेलवे टर्मिनल (Centralised Air-Conditioned Railway Terminal) किस शहर में स्थापित किया जायेगा?**

**बेंगलुरु**

बेंगलुरु में भारत का पहला केंद्रीयकृत वातानुकूलित रेलवे टर्मिनल जल्द ही चालू होने वाला है। इसका नाम महान सिविल इंजीनियर भारत रत्न सर एम. विश्वेश्वरैया के नाम पर रखा गया है। इस नए कोच टर्मिनल को शहर के बैयप्पनहल्ली में बनाया जायेगा और इसे 314 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से बनाया जायेगा।

➢ **संगठित क्षेत्र के लिए श्रम मंत्रालय का स्थापना-आधारित नौकरी सर्वेक्षण वर्ष में कितनी बार किया जाता है ?**

**त्रैमासिक**

श्रम मंत्रालय अगस्त में संगठित क्षेत्र के लिए स्थापना आधारित नौकरी सर्वेक्षण का डाटा पेश करेगा। इस सर्वेक्षण में वित्त वर्ष 2021-22 की पहली तिमाही को कवर किया जायेगा। यह प्रवासियों, घरेलू श्रमिकों, परिवहन क्षेत्र और पेशेवरों पर चार सर्वेक्षण भी करेगा।

**ई-कॉमर्स नीति के मसौदे का अनावरण किस केंद्रीय मंत्रालय द्वारा किया गया है?**

**वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय**

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के तहत उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (DPIIT) ने ई-कॉमर्स नीति के मसौदे का अनावरण किया है। इस नीति में औद्योगिक विकास में डेटा उपयोग के लिए सिद्धांतों को निर्धारित किया गया है। इसका उद्देश्य अनधिकृत व्यक्तियों द्वारा डेटा के दुरुपयोग को रोकना है।

➢ **किस भारतीय निकाय ने ‘India FinTech: A USD 100 Billion Opportunity’ रिपोर्ट जारी की है?**

**फिक्की**

फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) और बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप (बीसीजी) ने ‘India FinTech: A USD 100 Billion Opportunity’ रिपोर्ट जारी की है। भारत के फिनटेक उद्योग का कुल मूल्य $50- 60 बिलियन अमरीकी डालर है। इस रिपोर्ट में 2025 तक फिनटेक इंडस्ट्री का मूल्य 150-160 बिलियन डॉलर होने का अनुमान लगाया है।

➢ **भारत ने हाल ही में मार्च 2021 में किस संगठन के पहले ऐतिहासिक वर्चुअल शिखर सम्मेलन में भाग लिया ?**

**QUAD**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाईडेन, ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन और जापानी प्रधानमंत्री योशीहिदे सुगा के साथ QUAD नेताओं के पहले ऐतिहासिक वर्चुअल शिखर सम्मेलन में भाग लिया। इस बैठक में नेताओं ने कोविड-19 के आर्थिक और स्वास्थ्य प्रभावों, जलवायु परिवर्तन से निपटने और साइबरस्पेस, आतंकवाद का मुकाबला करने, मानवीय सहायता, आपदा राहत सहित विभिन्न चुनौतियों पर चर्चा की।

➢ **‘भारत ई मार्केट’ किस निकाय द्वारा लॉन्च किया गया ई-कॉमर्स पोर्टल है ?**

**CAIT**

व्यापारियों के शीर्ष निकाय कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (CAIT) ने अपने आगामी ई-कॉमर्स पोर्टल ‘भारत ई मार्केट’ के लिए एक मोबाइल एप्लीकेशन लॉन्च किया है। यह एप्लीकेशन व्यवसायों और सेवा प्रदाताओं को पोर्टल पर पंजीकरण करने और अपनी खुद की वर्चुअल दुकान या ई-दुकान बनाने में सक्षम करेगा। इसके लिए कोई कमीशन नहीं लिया जाएगा।

➢ **भारत ने हाल ही में केप गेज लोकोमोटिव को किस अफ्रीकी देश के लिए रवाना किया है?**

**मोजाम्बिक**

केंद्रीय रेल मंत्री पीयूष गोयल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मोज़ाम्बिक को 3000 एचपी केप गेज लोकोमोटिव को हरी झंडी दिखाई। इन लोकोमोटिव को बनारस लोकोमोटिव वर्क्स (BLW) द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित किया गया है।

➢ **किस केंद्रीय मंत्रालय ने फार्मास्यूटिकल्स के लिए पीएलआई योजना को मंजूरी दी है?**

**रसायन और उर्वरक मंत्रालय**

केंद्रीय रसायन और उर्वरक मंत्रालय ने Key Starting Materials, Drug Intermediates और Active Pharmaceutical Ingredients के घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए Production Linked Incentive (PLI) योजना को मंजूरी दी है। इससे पहले केंद्रीय मंत्रिमंडल ने वित्तीय वर्ष 2020-21 से 2028-29 की अवधि में फार्मास्यूटिकल्स के लिए पीएलआई योजना को मंजूरी दी थी।

➢ **हाल ही में वनवासी समागम का आयोजन किस राज्य / केन्द्र शासित प्रदेश में किया गया ?**

**उत्तर प्रदेश**

उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले में वनवासी समागम का आयोजन किया गया था। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने मुख्य अतिथि के रूप में इस समागम में भाग लिया। राष्ट्रपति ने सेवा कुंज आश्रम के नवनिर्मित भवन का भी उद्घाटन किया।




- **संस्कृति मंत्री की अध्यक्षता में अगले दो वर्षों तक किस भारतीय नदी का अध्ययन करने के लिए एक सलाहकार समिति का गठन किया गया है ?**

  **सरस्वती**

  केंद्र ने अगले दो वर्षों के लिए पौराणिक सरस्वती नदी के अध्ययन के लिए एक योजना बनाने के लिए एक सलाहकार समिति का पुनर्गठन किया है। पिछले पैनल का कार्यकाल 2019 में समाप्त हो गया था।

- **OTPRMS प्रमाण पत्र, जिसे हाल ही में ख़बरों में देखा गया था, किस केंद्रीय मंत्रालय से सम्बंधित है ? उत्तर- शिक्षा मंत्रालय**

  Online Teacher Pupil Registration Management System (OTPRMS), शिक्षकों के रूप में भर्ती होने के लिए, राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (National Council for Teacher Education) के तहत किसी भी पाठ्यक्रम में अध्ययनरत्त या उत्तीर्ण होने वाले उम्मीदवारों को, खुद को पंजीकृत करने में सक्षम बनाता है। शिक्षा मंत्रालय ने प्रमाणपत्रों तक मुफ्त पहुंच प्रदान करने के लिए OTPRMS प्रमाणपत्रों को डिजीलॉकर सेवा से जोड़ने का निर्णय लिया है।

- **किस संस्था ने एक नियम की घोषणा की जिसने बैंकों के अतिरिक्त टियर 1 (AT1) बांड्स को 100-वर्ष की परिपक्वता के साथ स्वीकार करने की मांग की ?**

  **सेबी**

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने एक परिपत्र जारी किया, जिसमें 100 साल की परिपक्वता वाले बैंकों के अतिरिक्त टियर 1 (एटी 1) बॉन्ड को स्वीकृत करने की मांग की गई है। वित्त मंत्रालय ने सेबी को इस नियम को वापस लेने के लिए कहा है, इससे बॉन्ड में निवेश के लिए जोखिम बढ़ जायेगा। इन प्रतिभूतियों में बिकवाली से बैंकों के लिए पूंजी जुटाना कठिन हो जाएगा।

➢ **अखिल भारतीय पर्यटक वाहन प्राधिकरण और परमिट नियम, किस तारीख से लागू होंगे ?**

**1 अप्रैल, 2021**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने 'अखिल भारतीय पर्यटक वाहन प्राधिकरण और परमिट नियम, 2021' की घोषणा की है। इन नियमों के तहत, कोई भी पर्यटक वाहन ऑपरेटर "ऑल इंडिया टूरिस्ट अथॉरिटी/परमिट" के लिए ऑनलाइन मोड में आवेदन कर सकता है। आवश्यक दस्तावेज जमा करने और फीस जमा करने के बाद, परमिट 30 दिनों के भीतर जारी किया जाएगा।

➢ **अंतर संसदीय संघ (Inter Parliamentary Union-IPU) का मुख्यालय कहाँ स्थित है?**

**जिनेवा**

संसदीय कूटनीति और संवाद के माध्यम से शांति को बढ़ावा देने के लिए 1889 में अंतर संसदीय संघ (IPU) की स्थापना की गई थी। अंतर संसदीय संघ (IPU) के अध्यक्ष दुआर्ते पाचेको ने हाल ही में नई दिल्ली का दौरा किया और राज्य सभा की कार्यवाही देखी। IPU में 179 सदस्य और 13 एसोसिएट सदस्य हैं।

➢ **पहला 'National Institute of Pharmaceutical Education and Research' किस राज्य में स्थापित किया गया था?**

**पंजाब**

National Institute of Pharmaceutical Education and Research, 1998 को पंजाब के मोहाली में National Institute of Pharmaceutical Education and Research को राष्ट्रीय महत्व का संस्थान घोषित करने के लिए लागू किया गया था। 2007-08 के दौरान अहमदाबाद, गुवाहाटी, हाजीपुर, हैदराबाद, कोलकाता और रायबरेली में छह नए संस्थान स्थापित किए गए। हाल ही में छह संस्थानों को राष्ट्रीय महत्व का टैग प्रदान करने के लिए एक विधेयक लोकसभा में पेश किया गया है।

➢ **खान और खनिज संशोधन विधेयक 2021, DMF को निर्देश जारी करने के लिए केंद्र सरकार को सशक्त बनाने का प्रयास करता है। DMF क्या है ?**

**जिला खनिज फाउंडेशन**

खान और खनिज (विकास और विनियमन) संशोधन विधेयक 2021 लोकसभा में पेश किया गया है। यह खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 में संशोधन करेगा। यह कानून कैप्टिव और मर्चेंट खानों के बीच के अंतर को दूर करना चाहता है। यह केंद्र सरकार को जिला खनिज फाउंडेशन (District Mineral Foundation-DMF) के फंड्स के उपयोग के बारे में निर्देश जारी करने का अधिकार देता है।

➢ **केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा प्रदान की जाने वाली टेलीमेडिसिन सेवा का नाम क्या है?**

**ई-संजीवनी**

ई-संजीवनी नामक केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की टेली मेडिसिन सेवा 31 राज्यों / केंद्र शासित प्रदेशों में चालू है। इस डिजिटल सेवा ने देश भर में औसतन 35,000 रोगियों के साथ हाल ही में 3 मिलियन परामर्शों को पार कर लिया है। तमिलनाडु परामर्शों की संख्या में सबसे ऊपर है।

➢ **भारतीय वायु सेना का कौन सा विमान मध्य भारत में एक घातक दुर्घटना का शिकार हुआ ?**

**मिग -21 बाइसन**

भारतीय वायु सेना का एक मिग-21 बाइसन विमान एक घातक दुर्घटना का शिकार हुआ, जब यह मध्य भारत के एक एयरबेस में लड़ाकू प्रशिक्षण मिशन के लिए रवाना हुआ था। IAF ग्रुप कैप्टन आशीष गुप्ता की इस दुर्घटना में मौत हो गई है। स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट तेजस, मिग 21 के पुराने बेड़े को रिप्लेस करेगा।

➢ **स्टार्टअप इंडिया सीड फंड स्कीम के लिए गठित विशेषज्ञ सलाहकार समिति के प्रमुख कौन हैं?**

**एच.के. मित्तल**

सरकार ने स्टार्टअप इंडिया सीड फंड योजना (Startup India Seed Fund Scheme) के समग्र निष्पादन और निगरानी के लिए एक विशेषज्ञ सलाहकार समिति का गठन किया है। DPIIT के अनुसार, इस समिति की अध्यक्षता विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के एच.के. मित्तल करेंगे। अन्य सदस्य में DPIIT, जैव प्रौद्योगिकी विभाग, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी, नीती आयोग और स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र के विशेषज्ञ शामिल हैं।

➢ **'My Life in Full: Work, Family and Our Future' किस भारतीय का संस्मरण है?**

**इंद्रा नूयी**

'My Life in Full: Work, Family and Our Future' 65 वर्षीय पेप्सिको की पूर्व सीईओ इंद्रा नूयी का संस्मरण है। यह पोर्टफोलियो बुक्स द्वारा सितंबर, 2021 के महीने में प्रकाशित किया जाएगा। यह बचपन से लेकर दुनिया की सबसे शक्तिशाली महिलाओं में से एक बनने तक के उनके जीवन का वर्णन करता है। इंद्र नूयी ने 12 साल तक पेप्सिको की सीईओ के रूप में कार्य किया था।

- **MPLADS Fund को कोविड-19 महामारी के कारण किस वर्ष तक निलंबित कर दिया गया है ?**

**2022**

केंद्र सरकार ने घोषणा की कि कोरोना महामारी के कारण सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना (MPLADS) फंड 2020-21 और 2021-22 के लिए प्रदान नहीं किया जाएगा। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने राज्यसभा को बताया कि 2019-20 के लिए MPLADS फंड वित्त मंत्रालय द्वारा जारी किया गया था और जिलों को भेजा गया था।

- **किस भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ने अपने क्रेडिट कार्ड व्यवसाय के लिए एक पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी का गठन किया है?**

**पंजाब नेशनल बैंक**

पंजाब नेशनल बैंक ने हाल ही में बैंक की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी पीएनबी कार्ड्स एंड सर्विसेज का गठन किया है। यह नई इकाई बैंक के क्रेडिट कार्ड व्यवसाय से संबंधित गैर-वित्तीय सहायता सेवा का कार्य करेगी। पीएनबी कार्ड्स एंड सर्विसेज की अधिकृत पूँजी 25 करोड़ और पेड-अप कैपिटल 15 करोड़ रुपये है।

- **Indian Oil Corporation- Phinergy JV इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए बैटरी बनाने के लिए किस धातु के साथ लिथियम को रीप्लेस करेगा?**

**एल्युमिनियम**

इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (IOC) और इजरायली बैटरी डेवलपर Phinergy ने इलेक्ट्रिक वाहनों (EVs) के लिए अल्ट्रा-लाइट मेटल-एयर बैटरी बनाने के लिए एक संयुक्त उद्यम का गठन किया है। यह संयुक्त उद्यम बैटरी बनाने के लिए लिथियम की जगह एल्यूमीनियम का उपयोग करेगा जो तेजी से चार्ज करेगा और लंबे समय तक काम करेगा। कंपनी के पहले ग्राहक मारुति सुजुकी और अशोक लेलैंड हैं। IOC ने पिछले साल Phinergy Ltd में अल्पमत हिस्सेदारी हासिल की थी।

- **Medical Termination of Pregnancy Bill, 2020 के अनुसार महिलाओं की विशेष श्रेणियों में गर्भपात की अनुमति देने की ऊपरी सीमा क्या है ?**

**24 सप्ताह**

वर्तमान 20 सप्ताह से 24 सप्ताह तक गर्भपात की अनुमति के लिए ऊपरी सीमा बढ़ाने के लिए, राज्यसभा ने गर्भावस्था की चिकित्सा समाप्ति (संशोधन) विधेयक, 2020 पारित किया। यह सीमा महिलाओं की विशेष श्रेणियों के लिए लागू होती है, जिसमें बलात्कार की पीड़ित, नाबालिग और अलग-अलग पीड़ित शामिल है।

- **राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (National Security Guard) के महानिदेशक के रूप में किसे नियुक्त किया गया है ?**

**एम.ए. गणपति**

वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी एम.ए. गणपति को राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (NSG) का महानिदेशक नियुक्त किया गया। वे वर्तमान में नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो (BCAS) में महानिदेशक के रूप में सेवारत हैं। एक अन्य आईपीएस अधिकारी कुलदीप सिंह को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के महानिदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है।

- **दसवीं अनुसूची, जिसे दल-बदल विरोधी कानून के रूप में जाना जाता है, संविधान में किस वर्ष जोड़ा गया था?**

**1985**

दसवीं अनुसूची, जिसे दल-बदल विरोधी कानून के रूप में जाना जाता है, को वर्ष 1985 में संविधान में जोड़ा गया था। दल-बदल विरोधी कानून के अनुसार, मनोनीत सांसद स्वपन दासगुप्ता ने अपना कार्यकाल पूरा होने से एक साल पहले राज्यसभा से इस्तीफा दे दिया था। उन्हें पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार के रूप में नामित किया गया है। 2016 में राज्यसभा के लिए अपने नामांकन के बाद, वे छह महीने की अनिवार्य अवधि के भीतर किसी भी राजनीतिक पार्टी में शामिल नहीं हुए।

- **पी.के. सिन्हा, जो हाल ही में खबरों में थे, किस पद से हट गए हैं ?**

**उत्तर – प्रधानमंत्री के प्रधान सलाहकार**

प्रधानमंत्री के प्रधान सलाहकार पी.के. सिन्हा हाल ही में अपने पद से हट गए हैं। पी.के. सिन्हा 1977 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (IAS) के उत्तर प्रदेश कैडर के पूर्व अधिकारी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के पहले कार्यकाल में उन्होंने कैबिनेट सचिव के रूप में कार्य किया था।

- **भारत के दूत ने किस देश में क्षमता निर्माण के लिए 81 लाख रुपये के प्रशिक्षण किट सौंपे हैं ?**

**श्रीलंका**

श्रीलंका में भारत के दूत ने हाल ही में क्षमता निर्माण के लिए श्रीलंका की नौसेना को लगभग 81,00,000 रुपये के प्रशिक्षण किट सौंपे हैं। उच्चायुक्त गोपाल बागले ने औपचारिक रूप से श्रीलंका के उत्तरी और पूर्वी प्रांतों के दौरे के दौरान यह प्रशिक्षण किट्स को सौंपे।

- **भारतीय नौसेना ने फारस की खाड़ी में किस देश की नौसेना के साथ Passage Exercise में हिस्सा लिया ?**

**बहरीन**

भारतीय नौसेना ने 17 मार्च, 2021 को ऑपरेशन संकल्प के तहत फारस की खाड़ी में रॉयल बहरीन नेवल फोर्स कार्वेट अल मुहर्रक के साथ पैसेज एक्सरसाइज (PASSEX) में हिस्सा लिया।

- **हाल ही में किस देश की संसद ने इच्छामृत्यु को वैध बनाया है ?**

**स्पेन**

स्पेन की संसद ने 18 मार्च, 2021 को इच्छामृत्यु को वैध बनाने वाले एक कानून का निर्माण किया है, जो मानसिक रूप से बीमार या गंभीर रूप से घायल मरीजों को अपनी पीड़ा को समाप्त करने की अनुमति देता है।

- **संविधान में जलवायु परिवर्तन खंड को शामिल करने के लिए कहाँ की संसद ने मतदान किया है ?**

**फ्रांसीसी संसद**

फ्रांसीसी संसद के निचले सदन नेशनल असेंबली ने 16 मार्च, 2021 को देश के संविधान में जलवायु और जैव विविधता संरक्षण शामिल करने के लिए संशोधन किया।

- **महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा मनाया जा रहा है-**

**पोषण पखवाड़ा**

महिला और बाल विकास मंत्रालय 16 से 31 मार्च, 2021 तक पोशन पखवाड़ा मना रहा है।

- **यूएस-बेस्ड निजी इक्विटी फर्म कार्लाइल ग्रुप ने SBI कार्ड में कितने प्रतिशत हिस्सेदारी बेची है ?**

**4.3%**

यूएस-बेस्ड निजी इक्विटी फर्म कार्लाइल ग्रुप ने 17 मार्च, 2021 को ब्लॉक सौदों के माध्यम से एसबीआई कार्ड और भुगतान सेवाओं में 4.3 प्रतिशत हिस्सेदारी बेची।

- **हाल ही में जॉन मैगुफुली का 61 साल की उम्र में निधन हो गया वे किस देश के राष्ट्रपति थे ?**

**तंजानिया**

तंज़ानिया के राष्ट्रपति जॉन मगुफुली का 17 मार्च, 2021 को 61 साल की उम्र में राजधानी दार अस सलाम में निधन हो गया। भ्रष्टाचार के खिलाफ उनकी लड़ाई की वजह से उनको 'बुल्डोजर' के नाम से भी लोग जानते थे।

- **निम्नलिखित में से किसे ICC महिला विश्व कप 2022 के आधिकारिक गीत के रूप में घोषित किया गया है ?**

**'गर्ल गैंग' को**

न्यूजीलैंड की गायिका जिन विगमोर के एक ट्रैक 'गर्ल गैंग' को 2022 आईसीसी महिला विश्व कप के आधिकारिक गीत के रूप में घोषित किया गया है।

- **हाल ही में किसे 'Stop TB Partnership Board' के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया है ?**

**डॉ. हर्षवर्धन**

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन को 18 मार्च, 2021 को "Stop TB Partnership Board" के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया था। यह नियुक्ति भारत द्वारा क्षय रोग (टीबी) के उन्मूलन की दिशा में उनके उत्कृष्ट योगदान को मान्यता देने के लिए की गई थी। वह जुलाई 2021 से तीन साल के कार्यकाल के लिए इस वैश्विक निकाय में अपनी सेवाएँ देंगे।

- **ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाली पहली भारतीय महिला तलवारबाज़ हैं -**

**भवानी देवी**

27 वर्षीय भारतीय तलवारबाज़ भवानी देवी (Bhavani Devi) ने इतिहास रच दिया है, वे ओलिंपिक महिला व्यक्तिगत तलवारबाज़ी (Women's Individual Sabre) के लिए क्वालीफाई करने वाली पहली भारतीय फ़ेंसर बन गई हैं। 14 मार्च, 2021 को "एडजस्टेड ऑफिशियल रैंकिंग रैंकिंग" विधि द्वारा उन्हें टोक्यो ओलंपिक में स्थान प्राप्त हुआ है। अब वे टोक्यो ओलंपिक में भाग लेंगी, जो 23 जुलाई, 2021 से 8 अगस्त, 2021 तक आयोजित किया जायेगा।

भवानी देवी (Bhavani Devi)

उनका पूरा नाम चाडालवदा आनंद सुंदररमण भवानी देवी (Chadalavada Anandha Sundhararaman Bhavani Devi) है। उनका जन्म 27 अगस्त, 1993 को हुआ था।

- **टोक्यो ओलंपिक का आयोजन किया जायेगा-**

**23 जुलाई से 28 अगस्त, 2021 तक**

टोक्यो ओलंपिक का आयोजन 23 जुलाई से 28 अगस्त, 2021 तक किया जाएगा। यह ओलंपिक पहले 2020 में आयोजित होने वाले थे, लेकिन खेलों को COVID-19 महामारी के चलते स्थगित कर दिया गया था।

- **हाल ही में किस राज्य के मुख्यमंत्री ने "मुख्यमंत्री चिरंजीवी योजना" की घोषणा की है ?**

**राजस्थान**

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 18 मार्च, 2021 को घोषणा की कि बहुप्रतीक्षित सार्वभौमिक स्वास्थ्य योजना जिसे “मुख्यमंत्री चिरंजीवी योजना” कहा जाता है, 1 मई, 2021 को शुरू की जाएगी।

इस सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज योजना की घोषणा 24 फरवरी, 2021 को राज्य के बजट भाषण में की गई थी। सरकार ने इस योजना की घोषणा 3,500 करोड़ रुपये के बजट परिव्यय के साथ की थी। मुख्यमंत्री ने 25 जिला मुख्यालयों पर नर्सिंग कॉलेजों की स्थापना की भी घोषणा की है। उन्होंने यह भी बताया कि, सभी सात संभागीय मुख्यालयों में सार्वजनिक स्वास्थ्य महाविद्यालय भी स्थापित किए जाएंगे।







- **हाल ही में किसने डिजिटल ग्रीन सर्टिफिकेट का प्रस्ताव रखा है ?**

**यूरोपीय आयोग**

हाल ही में यूरोपीय आयोग ने कोरोना वायरस महामारी के बीच यूरोपीय संघ (EU) के भीतर नागरिकों के सुरक्षित एवं मुक्त आवागमन के लिये एक डिजिटल ग्रीन सर्टिफिकेट का प्रस्ताव रखा है। डिजिटल ग्रीन सर्टिफिकेट इस तथ्य का प्रमाण होगा कि व्यक्ति को या तो कोरोना वायरस वैक्सीन लगाई जा चुकी है, या उसकी परीक्षण रिपोर्ट नकारात्मक है या वह कोरोना वायरस से रिकवरी कर चुका है। इस सर्टिफिकेट की मुख्य विशेषता यह है कि यह सर्टिफिकेट पूर्णतः डिजिटल रूप में होगा और इसे निःशुल्क प्राप्त किया जा सकेगा।

- **हाल ही में कौन -सा देश अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA) का हिस्सा बन गया है ?**

**इटली**

हाल ही में इटली, संशोधित आईएसए फ्रेमवर्क समझौते पर हस्ताक्षर कर अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA) का हिस्सा बन गया है। ज्ञात हो कि आईएसए के फ्रेमवर्क समझौते में किये गए हालिया संशोधन के लागू होने के बाद अब संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य देश अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन का हिस्सा बन सकते हैं। ISA भारत के प्रधानमंत्री और फ्राँस के राष्ट्रपति द्वारा 30 नवंबर, 2015 को फ्राँस की राजधानी पेरिस में आयोजित कोप-21 (COP21) के दौरान शुरू की गई पहल है। ISA का उद्देश्य सदस्य देशों में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिये प्रमुख चुनौतियों का साथ मिलकर समाधान निकालना है। ISA को वर्ष 2030 तक सतत् विकास लक्ष्यों को हासिल करने और जलवायु परिवर्तन पर पेरिस समझौते के उद्देश्यों को प्राप्त करने की दिशा में कार्य करने वाला एक प्रमुख संगठन माना जाता है। इसका मुख्यालय गुरुग्राम (हरियाणा) में स्थित है।

- **केन्या ने किस देश के साथ, समुद्री सीमा विवाद पर अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय की कार्यवाही में भाग लेने से मना कर दिया है ?**

**सोमालिया**

केन्या ने सोमालिया के साथ समुद्री सीमा विवाद पर अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (International Court of Justice- ICJ) की कार्यवाही में भाग लेने से मना कर दिया है।

दोनों पड़ोसी देशों के मध्य असहमति का मुख्य बिंदु, हिंद महासागर में उनकी समुद्री सीमा के विस्तार की ‘दिशा’ से संबंधित है।

सोमालिया के अनुसार, हिंद महासागर की ओर समुद्री सीमा का विस्तार उसी दिशा में, अर्थात दक्षिण-पूर्व की ओर होना चाहिए, जिस दिशा में उसकी स्थलीय सीमा का विस्तार है।

दूसरी ओर, केन्या का तर्क है कि, समुद्र की ओर पहुचने पर दक्षिण-पूर्व स्थलीय सीमा में 45 डिग्री का मोड़ आना चाहिए और इसके बाद यह अक्षांशीय दिशा में अर्थात भूमध्य रेखा के समानांतर होनी चाहिए।

- **वर्ष 2021 का प्रिज़कर आर्किटेक्चर प्राइज़ विजेता घोषित किया गया है-**

**ऐनी लैकटॉन & जीन-फिलिप वासल**

प्रिज़कर आर्किटेक्चर प्राइज़

(Pritzker Architecture Prize)

यह, किसी जीवित वास्तुकार को उसके विश्वस्तरीय उल्लेखनीय योगदान हेतु प्रतिवर्ष दिया जाने वाला अंतर्राष्ट्रीय शीर्ष स्तर का पुरस्कार है।

इस पुरस्कार की स्थापना 1978 में जय ए प्रिज़कर और उनकी पत्नी कैंडी के द्वारा हयात फाउंडेशन के बैनर तले की गई थी।

फ्रांसीसी स्टूडियो लैकोटन और वासल के संस्थापक, सोशल हाउसिंग आर्किटेक्ट ऐनी लैकटॉन (Anne Lacaton) और जीन-फिलिप वासल (Jean-Philippe Vassal) को वर्ष 2021 का प्रिज़कर आर्किटेक्चर प्राइज़ विजेता घोषित किया गया है।

- **हाल ही में किस राज्य सरकार ने कुपोषण की समस्या से निपटने के लिये 'समर' अभियान शुरू करने की घोषणा की है ?**

**झारखंड सरकार**

झारखंड सरकार ने हाल ही में राज्य में कुपोषण की समस्या से निपटने के लिये 'समर' (स्ट्रेटेजिक एक्शन फॉर एलिवेशन ऑफ मालन्यूट्रिशन एंड एनीमिया रिडक्शन) अभियान शुरू करने की घोषणा की है। अभियान का उद्देश्य एनीमिया से पीड़ित महिलाओं और कुपोषित बच्चों की पहचान करना और इस समस्या से प्रभावी ढंग से निपटने के लिये राज्य के सभी विभागों के साथ समन्वय स्थापित करना है। 'समर' अभियान को 1000 दिनों के लक्ष्य के साथ लॉन्च किया गया है तथा कुपोषण और एनीमिया से निपटने में हुई प्रगति को ट्रैक करने के लिये इसका वार्षिक सर्वेक्षण किया जाएगा। ज्ञात हो कि झारखंड में कुपोषण और एनीमिया प्रमुख स्वास्थ्य चुनौतियों में शामिल हैं।

- **हाल ही में तंजानिया की पहली महिला राष्ट्रपति के रूप में किसने शपथ ली है ?**

**सामिया सुलहु हसन**

सामिया सुलहु हसन ने 19 मार्च, 2021 को तंजानिया की पहली महिला राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली।

- **UN World Happiness Report 2021 की सूची में भारत का स्थान है -**

**139**

19 मार्च 2021 को जारी UN World Happiness Report 2021 की सूची में भारत 149 देशों में से 139वें स्थान पर है, जबकि फिनलैंड सबसे ऊपर है।

- **विदेश मंत्रालय (MEA) का नया प्रवक्ता किसे नियुक्त किया गया है ?**

**अरिंदम बागची**

अरिंदम बागची को विदेश मंत्रालय (MEA) का नया प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। निवर्तमान प्रवक्ता अनुराग श्रीवास्तव अब संयुक्त सचिव (उत्तर) होंगे।

- **नीति आयोग ने क्लाउड कम्प्यूटिंग पर छात्रों को प्रशिक्षित करने के लिए किस कंपनी के साथ साझेदारी की है ?**

**अमेज़न**

नीति आयोग ने अटल टिंकरिंग लैब्स के माध्यम से क्लाउड कंप्यूटिंग के मूल सिद्धांतों पर छात्रों को प्रशिक्षित करने के लिए Amazon Web Services (AWS) के साथ भागीदारी की है। इस कार्यक्रम के तहत, AWS छात्रों को क्लाउड कंप्यूटिंग, वेब होस्टिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI), मशीन लर्निंग (ML), और वर्चुअल रियलिटी (VR) जैसे क्लाउड कंप्यूटिंग के कॉन्सेप्ट्स की जानकारी प्रदान करेगा।

- **बीमा (संशोधन) विधेयक, 2021 के अनुसार, बीमा क्षेत्र में नई FDI सीमा क्या है?**

**74%**

बीमा (संशोधन) विधेयक, 2021 को हाल ही में राज्य सभा द्वारा अनुमोदित किया गया है। यह बीमा क्षेत्र में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश सीमा को मौजूदा 49% से बढ़ाकर 74% करेगा

- **भारतीय नौसेना ने किस संगठन द्वारा निर्मित एक लैंडिंग क्राफ्ट यूटिलिटी जहाज L58 को शामिल किया है? ।**

**GRSE**

भारतीय नौसेना ने पोर्ट ब्लेयर में एक कार्यक्रम में एक लैंडिंग क्राफ्ट यूटिलिटी जहाज L58 को शामिल किया। यह लैंडिंग क्राफ्ट यूटिलिटी (LCU) मार्क-IV श्रेणी के जहाज का आठवां और अंतिम जहाज़ है। इस जहाज को स्वदेशी रूप से संचालित गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (GRSE), कोलकाता द्वारा डिजाइन और निर्मित किया गया था। इसका उपयोग युद्धक टैंक और भारी हथियार प्रणालियों का परिवहन करने जैसी कई गतिविधियों के लिए किया जाएगा।

- **भारत ने हाल ही में किस देश के साथ एक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) अनुसंधान और विकास पहल शुरू की है ?**

**अमेरिका**

Indo-US Science and Technology Forum (IUSSTF) ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी सचिव विभाग की उपस्थिति में, यूएस इंडिया आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (US India Artificial Intelligence – USIAI) पहल लांच की। IUSSTF वर्ष 2000 में दोनों देशों द्वारा आपसी बातचीत के माध्यम से विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए स्थापित किया गया एक द्विपक्षीय संगठन है।

- **हाल ही में किसकी अध्यक्षता में यूनिवर्सल बैंकों एवं लघु वित्त बैंकों के लिए आवेदनों का मूल्यांकन करने करने हेतु समिति के गठन की घोषणा की गई है ?**

**श्यामला गोपीनाथ**

हाल ही में, भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) द्वारा यूनिवर्सल बैंकों और लघु वित्त बैंकों के लिए किए गए आवेदनों का मूल्यांकन करने हेतु श्यामला गोपीनाथ की अध्यक्षता में एक स्थायी बाह्य सलाहकार समिति के गठन की घोषणा की गई है।

इस समिति का गठन, केंद्रीय बैंक द्वारा निरंतरता के आधार पर बैंकिंग परमिट दिए जाने संबंधी एक पूर्व-घोषित योजना का एक भाग है, इस प्रक्रिया को आमतौर पर 'ऑन टैप' (On-Tap) लाइसेंसिंग के रूप में जाना जाता है।

- **सूचना एवं संचार प्रोद्योगिकी (ICT) आयोजन सामूहिक रूप से किसके द्वारा किया गया है-**

**अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ (ITU), UNESCO, UNDP और UNCTAD**

WSIS 2021, सूचना एवं संचार प्रोद्योगिकी (ICT) के लिए विश्व समुदाय का सबसे बड़ा वार्षिक कार्यक्रम है।

इसका आयोजन सामूहिक रूप से अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ (ITU), UNESCO, UNDP और UNCTAD द्वारा किया गया है।

यह फोरम, बहु-हितधारक कार्यान्वयन गतिविधियों, सूचना विनिमय, जानकारी सृजन, सर्वोत्तम प्रथाओं के आदान-प्रदान के समन्वय के लिए एक कुशल तंत्र साबित हो चुका है।

- **वह भारतीय वैज्ञानिक जिनके नाम पर अंतरिक्ष स्टेशन पर पाए गए जीवाणु का नामकरण किया गया है ?**

**सैयद अजमल खान**

भारतीय वैज्ञानिक के नाम पर अंतरिक्ष स्टेशन पर पाए गए जीवाणु का नामकरण

अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (ISS) पर बैक्टीरिया की चार प्रजातियों की खोज की गई है, जिनमें से एक का नामकरण (मेथिलोबैक्टीरियम अजमाली- Methylobacterium ajmalii ), भारतीय जैव विविधता वैज्ञानिक सैयद अजमल खान के नाम पर किया गया है।

बैक्टीरिया के चारो उपभेद मिथाइलोबैक्टीरिया परिवार से संबंधित है।

इसके एक उपभेद की पहचान मिथाइलोरुब्रम रोडेशियानम बैक्टीरिया (Methylorubrum rhodesianum bacteria) के रूप में की गई है, तथा अन्य तीनो उपभेद (स्ट्रेन) अब तक अज्ञात थे।

ये जीवाणु पौधों की वृद्धि में सहायक हैं।

- **67वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में फिल्मों के प्रति सबसे संवेदनशील राज्य का पुरस्कार किसे मिला है ?**

**सिक्किम**

राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों की शुरुआत वर्ष 1954 में की गई थी। उस समय देश के राष्ट्रपति डॉ राजेन्द्र प्रसाद थे और सूचना प्रसारण मंत्री बी.वी. केसकर थे। इन राष्ट्रीय पुरस्कारों को तब राजकीय फिल्म पुरस्कार कहा जाता था।

67वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार

फिल्मों के प्रति सबसे संवेदनशील राज्य का पुरस्कार सिक्किम को मिला है।

- **हाल ही में किस प्रसिद्ध लेखक-फिल्म निर्माता का 88 वर्ष की आयु में 21 मार्च, 2021 को मुंबई में निधन हो गया है ?**

**सागर सरहदी**

प्रसिद्ध लेखक-फिल्म निर्माता सागर सरहदी, जिन्हें 'नूरी', 'कभी-कभी', 'सिलसिला', 'चांदनी', 'दीवाना' और 'कहो न प्यार है' जैसी फिल्मों की पटकथा और संवाद लिखने के लिए जाना जाता है, का 88 वर्ष की आयु में 21 मार्च, 2021 को मुंबई में निधन हो गया।

- **"Pabbi-Antiterror-2021" नामक संयुक्त आतंकवाद विरोधी अभ्यास किस संगठन द्वारा आयोजित किया जायेगा?**

**SCO**

भारत, पाकिस्तान और चीन सहित शंघाई सहयोग संगठन (SCO) के सदस्य इस साल संयुक्त आतंकवाद विरोधी अभ्यास में हिस्सा लेंगे। उज्बेकिस्तान में आयोजित क्षेत्रीय आतंकवाद विरोधी संरचना परिषद की 36वीं बैठक के दौरान संयुक्त अभ्यास "Pabbi-Antiterror-2021" की घोषणा की गई।

- **न्युबू न्यवगम येरको (Nyubu Nyvgam Yerko) नामक प्रथम स्वदेशी ज्ञान प्रणाली स्कूल (First Indigenous Knowledge System School) का उद्घाटन किस राज्य में किया गया है?**

**अरुणाचल प्रदेश**

अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने राज्य की पहली औपचारिक स्वदेशी भाषा और ज्ञान प्रणाली स्कूल का उद्घाटन किया है। 'Nyubu Nyvgam Yerko' प्रणाली स्कूल स्वदेशी परंपराओं, संस्कृति और भाषा को बढ़ावा देने और संरक्षित करने में मदद करेगा। इस स्कूल के विकास और रखरखाव के लिए 3 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

- **दिव्यांश सिंह पंवार और एलावेनिल वलारिवन, जो हाल ही में खबरों में थे, किस खेल से जुड़े हैं?**

**शूटिंग**

भारत के युवा निशानेबाज दिव्यांश सिंह पंवार और एलावेनिल वलारिवन ने दिल्ली में चल रहे ISSF विश्व कप में 10 मीटर एयर राइफल मिक्स्ड टीम इवेंट में स्वर्ण पदक जीता। महिलाओं की स्कीट स्पर्धा में एक और भारतीय निशानेबाज गनमत सेखों ने कांस्य पदक जीता। इससे पहले, भारतीय महिला और पुरुष टीमों ने नई दिल्ली में चल रहे आईएसएसएफ विश्व कप में 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीते थे।

- **2011 इस्तांबुल कन्वेंशन, जो हाल ही में ख़बरों में था, किस मुद्दे से जुड़ा है?**

**घरेलू हिंसा और लैंगिक समानता**

इस्तांबुल में बनाई गई यूरोप परिषद ने घरेलू हिंसा को रोकने, मुकदमा चलाने और समानता को बढ़ावा देने का संकल्प लिया था। तुर्की के राष्ट्रपति तैयप एर्दोगन ने महिलाओं की सुरक्षा के लिए बनाये गये अंतरराष्ट्रीय समझौते से तुर्की अलग करने का निर्णय लिया है।

- **कौन सा राज्य म्यांमार के साथ 510 किलोमीटर की सीमा साझा करता है?**

**मिजोरम**

मिज़ोरम म्यांमार के साथ 510 किलोमीटर की सीमा साझा करता है। मिजोरम के मुख्यमंत्री जोरमथांगा ने केंद्र से म्यांमार से "राजनीतिक शरणार्थियों" को राजनीतिक शरण देने के लिए आग्रह किया है। इससे पहले, गृह मंत्रालय ने निर्देश दिया था कि किसी भी विदेशी को शरणार्थी का दर्जा देने के लिए राज्य सरकारों के पास कोई अधिकार नहीं है और भारत 1951 के संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी सम्मेलन और उसके 1967 के प्रोटोकॉल का हस्ताक्षरकर्ता नहीं है।

- **हाल ही में किस देश के राष्ट्रपति ने 'अमेरिकी शांति प्रस्ताव' के प्रत्युत्तर में एक शांति योजना तैयार की है ?**

**अफगानिस्तान**

अफगान राष्ट्रपति अशरफ गनी द्वारा 'अमेरिकी शांति प्रस्ताव' के प्रत्युत्तर में एक शांति योजना तैयार की गयी है, जिसके तहत उन्होंने आगामी छह माह के भीतर नए राष्ट्रपति का चुनाव करने का प्रस्ताव दिया है। ज्ञातव्य है कि, राष्ट्रपति अशरफ गनी ने कुछ दिन पूर्व अमेरिका द्वारा पेश किये गए एक शांति प्रस्ताव को नकार दिया था।

राष्ट्रपति अशरफ गनी, अगले महीने तुर्की में होने वाली एक सभा में अपने प्रस्ताव का खुलासा करेंगे। यह 'अमेरिकी प्रस्ताव' को अस्वीकार करने का संकेत भी होगा, जिसमे उनकी निर्वाचित सरकार को अंतरिम प्रशासन द्वारा प्रतिस्थापित करने का प्रस्ताव किया गया था।

**अमेरिकी- तालिबान शांति समझौता:**

अमेरिकी सरकार और तालिबान के बीच 29 फरवरी, 2020 को एक शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे।

इस समझौते में, अमेरिका तथा 'उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन' (NATO) के सैनिकों को अफगानिस्तान से वापस बुलाने की मांग की गई थी।

- **भारत में शहीद दिवस के रूप में मनाया जाता है -**
- **उत्तर- 23 मार्च**

**शहीदी दिवस**

23 मार्च 1931 को, स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह, शिवराम राजगुरु और सुखदेव थापर के लिए उनकी क्रांतिकारी गतिविधियों के अपराध में ब्रिटिश सरकार ने फांसी पर लटका दिया था।

इस दिन को भारत में शहीदी दिवस या शहीद दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन को 'सर्वोदय दिवस' के रूप में भी जाना जाता है।

- **देश का प्रथम पशु चिकित्सा एम्बुलेंस नेटवर्क, किस राज्य में स्थापित किया जा रहा है ?**

**आंध्र प्रदेश**

देश का प्रथम पशु चिकित्सा एम्बुलेंस नेटवर्क

आंध्र प्रदेश में पशुपालन और पशु चिकित्सा क्षेत्र को और अधिक बढ़ावा देने के लिये राज्य सरकार ने जानवरों हेतु संचालित भारत के पहले 'पशु चिकित्सा एम्बुलेंस नेटवर्क' की स्थापना का निर्णय लिया गया है। राज्य के पशुपालन विभाग को प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक मोबाइल एम्बुलेंस पशु चिकित्सा क्लिनिक की स्थापना करने का निर्देश दिया गया है। राज्य के लोगों को घर पर पशु चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराने की तर्ज पर सभी विधानसभा क्षेत्रों में कुल 175 मोबाइल एम्बुलेंस (पशु चिकित्सा) क्लीनिक स्थापित किये जाएंगे।

- **हाल ही में, भारत-पाकिस्तान सिंधु जल आयोग की बैठक कहाँ पर आयोजित की गयी है ?**

**दिल्ली**

पाकिस्तान ने 23 मार्च, 2021 को नई दिल्ली में दोनों देशों के सिंधु आयोग की बैठक में जम्मू-कश्मीर में पाकल डल और लोअर कलनई पनबिजली संयंत्रों के डिजाइनों पर आपत्ति जताई। हालाँकि भारत ने डिजाइनों पर अपना रुख जायज ठहराया।

- **केंद्रीय मंत्रिमंडल ने जल सहयोग में किस देश के साथ सहयोग समझौता ज्ञापन (MoC) को मंजूरी दी?**

**जापान**

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारत के जल शक्ति मंत्रालय और जापान के भूमि, अवसंरचना, परिवहन और पर्यटन मंत्रालय के बीच हस्ताक्षरित सहमति पत्र (MoC) को मंजूरी दी। पानी और डेल्टा प्रबंधन के क्षेत्र में दीर्घकालिक सहयोग के विकास के लिए इस MoC पर हस्ताक्षर किए गए थे। यह दोनों देशों के बीच संयुक्त परियोजनाओं के कार्यान्वयन और सूचना, ज्ञान, प्रौद्योगिकी और वैज्ञानिक संबद्ध अनुभव के आदान-प्रदान को भी प्रोत्साहित करता है।

- **किस देश ने 18 देशों के 38 विदेशी उपग्रहों को सफलतापूर्वक अपने सोयूज -2.1 ए कैरियर रॉकेट का उपयोग करके लॉन्च किया?**

**रूस**

रूस ने कजाकिस्तान के बैकोनूर कोस्मोड्रोम से 38 विदेशी उपग्रहों का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया। यह उपग्रह दक्षिण कोरिया, जापान और जर्मनी सहित 18 देशों से थे। सोयूज-2.1A कैरियर रॉकेट ने सभी 38 उपग्रहों को कक्षा में स्थापित किया। इन उपग्रहों में चैलेंज-1 भी शामिल था, जो ट्यूनीशिया में पूरी तरह से बनाया गया पहला उपग्रह था।

- **पिछले दो वर्षों में कौन सा देश अपना चौथा संसदीय चुनाव करा रहा है?**

**इज़राइल**

इजरायल ने पिछले दो वर्षों में अपना चौथा संसदीय चुनाव आयोजित किया। एग्जिट पोल में कोई स्पष्ट विजेता नहीं दिखाई पड़ रहा है। यह चुनाव दिसंबर, 2020 में शुरू हुआ था, जब देश की संसद एक बजट पर सहमत होने में विफल रही थी।

- **किस भारतीय संगठन ने पहली बार 'फ्री स्पेस क्वांटम कम्युनिकेशन' का प्रदर्शन किया?**

**इसरो**

पहली बार, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने हाल ही में 300 मीटर की दूरी पर 'फ्री स्पेस क्वांटम कम्युनिकेशन' का प्रदर्शन किया है। इसने क्वांटम-की-एन्क्रिप्टेड संकेतों का उपयोग करते हुए लाइव वीडियोकांफ्रेंसिंग का प्रदर्शन किया। Space Applications Centre (SAC), अहमदाबाद में Free-Space Quantum Key Distribution (QKD) का प्रदर्शन किया गया।

- **जिलों के वार्षिक निर्यात रैंकिंग सूचकांक को तैयार करने में राज्यों / केंद्रशासित प्रदेशों की सहायता किस संस्था द्वारा की जाएगी ?**

**वाणिज्य मंत्रालय**

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने घोषणा की कि विदेश व्यापार महानिदेशालय (DGFT) राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को विभिन्न जिलों के वार्षिक निर्यात रैंकिंग सूचकांक तैयार करने में सहायता करेगा। यह सूचकांक प्रत्येक जिले को अपनी निर्यात प्रतिस्पर्धा के आधार पर रैंक करेगा।

- **पाकल दुल जलविद्युत परियोजना भारत क्र किस राज्य /केंद्र शासित प्रदेश में प्रस्तावित है ?**

**जम्मू और कश्मीर**

पाकल दुल जलविद्युत परियोजना (1,000 मेगावाट) केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में स्थित चिनाब नदी की सहायक नदी मरुसुदर नदी पर प्रस्तावित है।(1,000 मेगावाट) केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में स्थित चिनाब नदी की सहायक नदी मरुसुदर नदी पर प्रस्तावित है।

- **वर्ष 2020 के व्यास सम्मान हेतु चुना गया है -**

**शरद पगारे**

हिंदी लेखक प्रोफेसर शरद पगारे को उनके उपन्यास 'पाटलिपुत्र की साम्राज्ञी' के लिये वर्ष 2020 के व्यास सम्मान हेतु चुना गया है। यह पुरस्कार के.के. बिरला फाउंडेशन की ओर से 10 वर्ष की अवधि में प्रकाशित सर्वश्रेष्ठ हिंदी की साहित्यिक कृति को दिया जाता है। इस पुरस्कार की शुरुआत वर्ष 1991 में की गई थी तथा इसमें 4 लाख रुपए, प्रशस्ति पत्र और एक प्रतीक चिह्न प्रदान किया जाता है। शरद पगारे के ऐतिहासिक उपन्यास 'पाटलिपुत्र की सम्राज्ञी' का प्रकाशन वर्ष 2010 में हुआ था।

- **वर्ष 2019 में हिंदी की उत्कृष्ट साहित्यकार नासिरा शर्मा को उनके उपन्यास 'कागज़ की नाव' के लिये 'व्यास सम्मान' हेतु चुना गया था।**

**मुत्थुस्वामी दीक्षितर का सम्बन्ध है -**

**कर्नाटक संगीत के महान संगीतज्ञ**

24 मार्च, 2021 को कर्नाटक संगीत के महान संगीतज्ञ मुत्थुस्वामी दीक्षितर की जयंती मनाई गई। बहुमुखी प्रतिभा के धनी मुत्थुस्वामी दीक्षितर एक कवि, गायक और वीणावादक भी थे। उनकी 500 से अधिक ज्ञात शास्त्रीय संगीत रचनाओं में देवी-देवताओं और मंदिरों का काव्यात्मक चित्रण मिलता है, मुत्थुस्वामी दीक्षितर की अधिकांश रचनाओं को संगीत समारोहों में गाया जाता है। उनकी अधिकांश रचनाएँ संस्कृत में हैं। कर्नाटक संगीत की रचना में मुत्थुस्वामी दीक्षितर का नाम प्रमुखता से लिया जाता है।

- **हाल ही में किस देश ने 18 देशों के 38 उपग्रहों को सफलतापूर्वक लांच किया है ?**

**रूस**

रूस ने कजाकिस्तान के बैकोनूर कोस्मोड्रोम से सफल लांच के बाद 18 देशों के 38 विदेशी उपग्रहों का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया है।हालांकि, तकनीकी मुद्दों के कारण इस लॉन्च में देरी हुई।

इस लांच की सहायता से जापान, दक्षिण कोरिया, सऊदी अरब, कनाडा, इटली, जर्मनी और ब्राजील सहित देशों के उपग्रहों को सफलतापूर्वक कक्षा में रखा गया। 38 उपग्रहों में से चैलेंज-1 उपग्रह भी शामिल था, जो ट्यूनीशिया का पहला स्वदेश निर्मित उपग्रह है। यह टेलनेट दूरसंचार समूह द्वारा बनाया गया था।

- **प्रति वर्ष विश्व क्षय रोग (टीबी) दिवस मनाया जाता है -**

**24 मार्च**

विश्व क्षय रोग (टीबी) दिवस 24 मार्च 2021 को मनाया गया। यह दिवस हर साल 24 मार्च को टीबी के विनाशकारी स्वास्थ्य, सामाजिक और आर्थिक परिणामों के बारे में सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाने और वैश्विक टीबी महामारी को समाप्त करने के प्रयासों को बढ़ाने के लिए मनाया जाता है।

- **अंतर्राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा (आईपी) सूचकांक के नवीनतम वार्षिक संस्करण में भारत किस स्थान पर है ?**

  **40वें**

  23 मार्च, 2021 को जारी अंतर्राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा (आईपी) सूचकांक के नवीनतम वार्षिक संस्करण में भारत को 53 वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं में 40वें स्थान पर रखा गया।

- **किस वैश्विक रेटिंग एजेंसी ने 'Global Economic Outlook' रिपोर्ट जारी की?**

  **फिच रेटिंग**

  अमेरिकी क्रेडिट रेटिंग एजेंसी फिच ने 'Global Economic Outlook' रिपोर्ट जारी की है। अपने हालिया संस्करण में, इसने अगले वित्त वर्ष के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद के विकास के अनुमान को संशोधित कर 12.8 प्रतिशत कर दिया है। इससे पहले, रेटिंग एजेंसी ने 11 प्रतिशत की वृद्धि दर का अनुमान लगाया था।

- **केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने शहीद भगत सिंह स्मारक का उद्घाटन किस राज्य / केन्द्र शासित प्रदेश में किया है?**

  **उत्तर- नई दिल्ली**

  दिल्ली विश्वविद्यालय ने 'शहीद दिवस' पर भगत सिंह, सुखदेव थापर और शिवराम राजगुरु की शहादत के 90 वर्षों के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम आयोजित किया। केंद्रीय शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल 'निशंक' ने वर्चुअली शहीद भगत सिंह स्मारक का उद्घाटन किया। भगत सिंह स्मारक में स्वतंत्रता सेनानियों की किताबों के मौजूदा संग्रह को "शहीद स्मृति पुस्तकालय" में परिवर्तित करने की घोषणा की गई है।

- **कौन सा देश भारत के साथ 'होमलैंड सिक्योरिटी डायलॉग' को फिर से स्थापित करने जा रहा है?**

  **अमेरिका**

  हाल ही में यूएस डिपार्टमेंट ऑफ होमलैंड सिक्योरिटी (DHS) की घोषणा के अनुसार भारत और अमेरिका 'यूएस-इंडिया होमलैंड सिक्योरिटी डायलॉग' को फिर से स्थापित करने पर सहमत हुए हैं। इस संवाद का उद्देश्य साइबर सुरक्षा और उभरती प्रौद्योगिकी जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करना है। इसका उद्देश्य हिंसक उग्रवाद को संबोधित करना भी है। दोनों देशों के बीच पहला होमलैंड सिक्योरिटी डायलॉग 2011 में आयोजित किया गया था।

- **रक्षा के संदर्भ में 'वज्र' क्या है, जिसे हाल ही में ख़बरों में देखा गया था?**

  **अपतटीय गश्ती पोत**

  भारतीय तट रक्षक जहाज 'वज्र' एक अपतटीय गश्ती जहाज (offshore patrol vessel) है, इसे औपचारिक रूप से सेवा में कमीशन किया गया है। इसे स्वदेशी रूप से लार्सन एंड टुब्रो शिप बिल्डिंग द्वारा डिजाइन और निर्मित किया गया था। यह सात अपतटीय गश्ती जहाजों में से छठा है। यह जहाज अत्याधुनिक नेविगेशन और संचार प्रणालियों के साथ सुसज्जित है जिसमें स्टेबलाइज्ड रिमोट-कंट्रोल्ड गन और प्रदूषण प्रतिक्रिया उपकरण शामिल हैं।

- **हाल ही में भारत के मुख्य न्यायाधीश शरद ए बोबडे ने किसे उच्चतम न्यायालय के अगले मुख्य न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने की सिफारिश की है ?**

  **न्यायमूर्ति एन वी रमण**

  भारत के मुख्य न्यायाधीश शरद ए. बोबडे ने सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठतम न्यायाधीश, न्यायमूर्ति एन वी रमण (N.V. Ramana) को उच्चतम न्यायालय के अगले मुख्य न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने की सिफारिश की है।

  जस्टिस रमण, 24 अप्रैल को भारत के 48 वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में कार्यभार ग्रहण करेंगे।

  'भारत के मुख्य न्यायाधीश' की नियुक्ति:

  भारत के मुख्य न्यायाधीश को, परंपरा के अनुसार, भारत के निवर्तमान मुख्य न्यायाधीश द्वारा उनकी सेवानिवृत्ति के दिन नियुक्त किया जाता है।

  परंपरागत रूप से, भारत के निवर्तमान मुख्य न्यायाधीश, भारत के मुख्य न्यायाधीश के रूप में, उच्चतम न्यायालय के तत्कालीन वरिष्ठतम न्यायाधीश का चयन करते है।

- **शिगमोत्सव अथवा शिगमो (Shigmotsav or Shigmo) उत्सव भारत के किस राज्य में मनाया जाता है ?**

  **गोवा**

  हाल ही में गोवा सरकार ने राज्य में कोविड-19 के बढ़ते मामलों के कारण शिगमोत्सव अथवा शिगमो (Shigmotsav or Shigmo) उत्सव के परेड को केवल तीन स्थानों (पणजी, पोंडा और मापुसा) तक सीमित कर दिया है।

  शिगमोत्सव के विषय में:

  यह गोवा के आदिवासी समुदायों द्वारा धान की समृद्ध और सुनहरी फसल के लिये मनाए जाने वाला उत्सव है।

  कुनबी, गावड़ा और वेलिप सहित विभिन्न कृषि समुदाय इस त्योहार को मनाते हैं जो वसंत की शुरुआत का भी प्रतीक है।

- **हाल ही में स्वेज़ नहर (Suez Canal) के दक्षिणी छोर के पास खराब मौसम के कारण हुई दुर्घटना की वजह से कौन -सा मालवाहक जहाज़ फँस गया है ?**

**एवर गिवेन**

हाल ही में स्वेज़ नहर (Suez Canal) के दक्षिणी छोर के पास खराब मौसम के कारण हुई दुर्घटना की वजह से 'एवर गिवेन' (Ever Given) नामक एक बड़ा मालवाहक जहाज़ फँस गया। इसकी वजह से इस नहर के दोनों छोरों पर जहाज़ों का जमावड़ा लग गया।

स्वेज़ नहर एक कृत्रिम समुद्र-स्तरीय जलमार्ग (Waterway) है जो उत्तर से दक्षिण की ओर बहते हुए भूमध्य सागर (Mediterranean Sea) को लाल सागर (Red Sea) से जोड़ता है।

- **ISSF शूटिंग वर्ल्ड कप में महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल टीम स्पर्धा में भारत ने कौन -सा पदक जीता ?**

**स्वर्ण पदक**

ISSF शूटिंग वर्ल्ड कप: महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल टीम स्पर्धा में भारत ने जीता स्वर्ण पदक

भारत ने 25 मार्च, 2021 को नई दिल्ली में 25 मीटर पिस्टल टीम इवेंट का स्वर्ण पदक जीता। भारतीय टीम में चिंकी यादव, मनु भाकर और राही सरनोबत शामिल थीं।

- **हाल ही में किसे भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (UIDAI) का मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) नियुक्त किया गया है ?**

**सौरभ गर्ग**

वरिष्ठ नौकरशाह सौरभ गर्ग को भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (UIDAI) का मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) नियुक्त किया गया है।

- **हाल ही में किसे महाराष्ट्र सरकार का '2020 महाराष्ट्र भूषण पुरस्कार' प्राप्त हुआ है ?**

**आशा भोसले**

आशा भोसले ने महाराष्ट्र सरकार का '2020 महाराष्ट्र भूषण पुरस्कार' जीता

महाराष्ट्र सरकार ने 25 मार्च, 2021 को कहा कि प्रसिद्ध गायिका आशा भोसले को महाराष्ट्र सरकार के सर्वोच्च सम्मान 'महाराष्ट्र भूषण पुरस्कार' के लिए चुना गया है।

- **किस देश की संसद ने अपने वर्तमान राष्ट्रपति को 2024 से दो और कार्यकालों के लिए सक्षम बनाने के लिए एक विधेयक पारित किया है?**

**उत्तर- रूस**

रूस की संसद के निचले सदन स्टेट ड्यूमा (State Duma) ने हाल ही में एक विधेयक को मंजूरी दी है, जिससे राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को 2024 से शुरू होने वाले दो और कार्यकालों के लिए सक्षम बनाया जा सके।

- **किस भारतीय निकाय ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के आधार पर एक नए ब्रिटिश काउंसिल द्वारा विकसित मूल्यांकन ढांचे की घोषणा की?**

**सीबीएसई**

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020 के आधार पर कक्षा 6-10 के लिए एक योग्यता-आधारित मूल्यांकन ढांचे की घोषणा की। इस मूल्यांकन का उद्देश्य मुख्य रूप से तीन विषयों – (अंग्रेजी) पढ़ना), विज्ञान और गणित को कवर करने वाले छात्रों के समग्र सीखने के परिणामों में सुधार करना है।

- **हाल ही के एक अध्ययन के अनुसार, भारत में दर्ज की जाने वाली गर्मी की लहरें (heat waves) किस क्षेत्र के गर्म होने के कारण होती हैं?**

**आर्कटिक क्षेत्र**

भारत और ब्राजील के शोधकर्ताओं ने एक शोध लेख प्रकाशित किया है जिसका शीर्षक है "Large-scale connection to Deadly Indian Heatwaves"। इस अध्ययन के अनुसार, अप्रैल और मई की गर्मियों के मौसम में गर्मी की लहरें आर्कटिक क्षेत्र की गर्मी के कारण हो सकती हैं।

- **SBI की हालिया रिपोर्ट के अनुसार, भारत की दूसरी कोविड लहर कितने दिनों तक चल सकती है?**

**100**

बैंक के मुख्य आर्थिक सलाहकार सौम्य कांति घोष द्वारा लिखित एसबीआई की शोध रिपोर्ट के अनुसार, दूसरी लहर की अवधि 15 फरवरी से 100 दिनों तक की हो सकती है। इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि टीकाकरण की गति बढ़ाना COVID-19 से लड़ने का एकमात्र तरीका है।

- **'Ever Given' क्या है, जो हाल ही में ख़बरों में था?**

**कार्गो शिप**

एक विशाल कार्गो शिप 'MV Ever Given' हाल ही में स्वेज नहर (मिस्र) में फंस गया है। चूंकि यह नहर में अटक गया है, इसकी वजह से सैंकड़ों दूसरे मालवाहक जहाज़ फंस गये हैं। 'MV Ever Given' एशिया और यूरोप के बीच माल ले जा रहा था। स्वेज नहर एक संकीर्ण मानव निर्मित नहर है जो सिनाई प्रायद्वीप से महाद्वीपीय अफ्रीका को विभाजित करती है।

- **भारत के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार (Principal Scientific Advisor) कौन हैं, जिनका कार्यकाल बढ़ाया गया है?**

**के. विजय राघवन**

के विजयराघवन को भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार (PSA) के रूप में एक वर्ष का विस्तार दिया गया है। कार्मिक मंत्रालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार, मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार के रूप में एक वर्ष की अवधि के लिए विस्तार को मंजूरी दी है। वह विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार से संबंधित मामलों पर प्रधानमंत्री और मंत्रिमंडल को सलाह प्रदान करते हैं।

- **कौन सी संस्था वार्षिक विश्वव्यापी रिपोर्ट "World Economic Outlook" जारी करती है?**

**अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष**

"World Economic Outlook" अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (International Monetary Fund – IMF) द्वारा जारी की जाती है। इस वर्ष, यह रिपोर्ट 6 अप्रैल को जारी की जाएगी। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने घोषणा की है कि भारत की अर्थव्यवस्था धीरे-धीरे रिकवरी की राह पर है।

- **कौन सा देश संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों (UN Peacekeepers) के लिए COVID-19 टीकों की लगभग 2 लाख खुराकें उपहार में देगा?**

**भारत**

भारत ने संयुक्त राष्ट्र के शांति सैनिकों को उपहार के रूप में COVID-19 टीकों की 2,00,000 खुराक देने की घोषणा की है। इसके साथ, दुनिया भर में 12 शांति अभियानों में सेवारत सभी 85,782 संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों को COVID-19 टीकों की दोहरी खुराक मिल सकेगी।

- **गर्भपात अवकाश (miscarriages bereavement leave) कानून को पारित करने वाला भारत के अलावा दूसरा देश कौन सा है?**

**उत्तर- न्यूजीलैंड**

न्यूजीलैंड की संसद ने हाल ही में माताओं को गर्भपात या जन्म के बाद भुगतान सहित छुट्टी (paid leave) का अधिकार दिया है। यह भारत के बाद, इस कानून पारित करने वाला दुनिया का केवल दूसरा देश बन गया है। न्यूजीलैंड की चार में से एक महिला ने गर्भपात का अनुभव किया है।

- **हाल ही में कहाँ पर "Indo-Korean Bilateral Friendship Park" का उद्घाटन किया गया ?**

**दिल्ली कैंट में**

भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह (Rajnath Singh) और दक्षिण कोरियाई रक्षा मंत्री सुह वूक (Suh Wook) ने 26 मार्च, 2021 को दिल्ली कैंट में "Indo-Korean Bilateral Friendship Park" का उद्घाटन किया। 1950 से 1953 के कोरियाई युद्ध में भारतीय शांति सैनिकों के योगदान को मनाने के लिए यह मैत्री पार्क बनाया गया है।

- **विश्व विकास रिपोर्ट (World Development Report) के अनुसार, कितने प्रतिशत निम्न-आय वाले देशों में ओपन डाटा नीति है?**

**11%**

विश्व बैंक की हालिया विश्व विकास रिपोर्ट के अनुसार, अधिकांश देशों ने ओपन डाटा नीति को लागू नहीं किया है। केवल 11 प्रतिशत कम आय वाले देशों ने लगातार ओपन लाइसेंस के साथ अपना डेटा उपलब्ध कराया। निम्न-मध्यम-आय वाले देशों में यह 19 प्रतिशत था; उच्च-मध्यम आय वाले देशों में 22 प्रतिशत और उच्च आय वाले देशों में 44 प्रतिशत है।

- **विश्व का सबसे बड़ा प्रदर्शन कला (performing arts) संस्थान International Theatre Institute (ITI) का मुख्यालय किस शहर में है?**

**पेरिस**

इंटरनेशनल थिएटर इंस्टीट्यूट (ITI) दुनिया का सबसे बड़ा प्रदर्शन कला संगठन है। इसकी स्थापना 1948 में थिएटर व नृत्य विशेषज्ञों और यूनेस्को द्वारा की गई थी। विश्व रंगमंच दिवस (World Theatre Day) 27 मार्च को आईटीआई के केंद्रों और दुनिया भर में थिएटर समुदाय द्वारा प्रतिवर्ष मनाया गया। 1962 में इसी तारीख को पेरिस में "थिएटर ऑफ नेशंस" का उद्घाटन हुआ था।

- **किस देश ने भारत द्वारा ई-कॉमर्स कंपनियों पर इक्विलाइजेशन लेवी (equalisation levy) लगाने के कारण, भारत के खिलाफ जवाबी कार्रवाई का प्रस्ताव दिया है?**

**अमेरिका**

United States Trade Representative (USTR) ने भारत और कुछ अन्य देशों के खिलाफ ई-कॉमर्स कंपनियों पर इक्विलाइजेशन लेवी लगाने के लिए जवाबी कार्रवाई का प्रस्ताव दिया है। जून 2020 में, अमेरिका ने भारत, इटली, तुर्की, ब्रिटेन, स्पेन और ऑस्ट्रिया द्वारा डिजिटल सेवाओं पर कराधान या इक्विलाइजेशन लेवी के खिलाफ अमेरिकी व्यापार अधिनियम, 1974 की धारा 301 के तहत जांच शुरू की थी।

- **किस केंद्रीय मंत्रालय ने स्वेज नहर (Suez Canal) में रुकावट को संभालने के लिए चार सूत्रीय रणनीति बनाई है?**

**वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय**

केंद्रीय वाणिज्य मंत्रालय ने स्वेज नहर पर रुकावट की स्थिति को संभालने के लिए चार सूत्रीय रणनीति तैयार की है। इसने बंदरगाहों, शिपिंग और जलमार्ग और अन्य हितधारकों के साथ एक बैठक आयोजित की। सरकार के आकलन के अनुसार, जलमार्ग पर कुल बैकलॉग एक सप्ताह के समय में साफ हो जाएगा।

- **भारत के पहले पृथ्वी अवलोकन उपग्रह (earth observation satellite) का नाम क्या है जिसे जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट में रखा जायेगा?**

**GISAT-1**

GISAT-1 भारत का पहला सक्रिय पृथ्वी अवलोकन उपग्रह है जिसे जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट में रखा जाएगा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) ने GSLV-F10 लांच व्हीकल से GISAT-1 के लांच कार्यक्रम को संशोधित किया है। 2,268 किलोग्राम के इस उपग्रह को इस वर्ष 18 अप्रैल को लॉन्च किए जाने की उम्मीद है।

- **वाल्टर एंथोनी गुस्तावो “वैग” पिंटो (Walter Anthony Gustavo “WAG”) कौन थे ?**

**भारतीय सेना के पूर्व लेफ्टिनेंट**

भारतीय सेना के पूर्व लेफ्टिनेंट जनरल वाल्टर एंथोनी गुस्तावो “वैग” पिंटो (Walter Anthony Gustavo “WAG”) का 25 मार्च को निधन हो गया था। लेफ्टिनेंट जनरल वाल्टर एंथोनी गुस्तावो “वैग” पिंटो के बारे में महत्वपूर्ण तथ्य इस प्रकार हैं -

**मुख्य तथ्य**

- ✓ 1924 में जन्मे, जनरल पिंटो ने अपनी स्कूली शिक्षा बैंगलोर और सेंट अलॉयसियस सीनियर सेकेंडरी स्कूल, जबलपुर से की थी।
- ✓ उन्हेंमेजर जनरल के रूप में लड़ाई में 54वें डिवीजन की कमान संभालने के लिए ‘विक्टर ऑफ बसंतार’ (Victor of Basantar) के नाम से जाना जाता था।
- ✓ उन्होंने अंतिम रूप से मध्य कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ के रूप में कार्य किया।
- ✓ 1971 के भारत-पाक युद्ध में उनकी प्रमुख सामान्य भूमिका के लिए, उन्हें प्रतिष्ठित परम विशिष्ट सेवा पदक (PVSM) से सम्मानित किया गया।

- **वर्ष 2019 के लिए प्रतिष्ठित दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा-**

**रजनीकांत**

महान अभिनेता सुपर स्टार रजनीकांत (Rajnikanth) को वर्ष 2019 के लिए प्रतिष्ठित दादा साहेब फाल्के पुरस्कार (Dada Saheb Phalke Award) से सम्मानित किया जाएगा। सूचना और प्रसारण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने इसकी जानकारी दी।

रजनीकांत का जन्म शिवाजी राव गायकवाड़ (Shivaji Rao Gaekwad) के रूप में 12 दिसंबर 1950 को बैंगलोर में हुआ था। रजनीकांत ने अपनी प्राथमिक शिक्षा बैंगलोर से प्राप्त की। स्कूली शिक्षा पूरी होने पर, उन्हें बस कंडक्टर के रूप में बैंगलोर ट्रांसपोर्ट सर्विस में नौकरी की थी। उन्होंने मद्रास अड्यार फिल्म इंस्टीट्यूट में एक अभिनय पाठ्यक्रम शुरू करने का फैसला किया। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत 1975 में अपूर्व रागंगाई से की थी।

- **एशियाई फुटबॉल परिसंघ (AFC) महिला एशियाई कप 2022 की मेजबानी कौन सा देश करेगा?**

**भारत**

एशियाई फुटबॉल परिसंघ (Asian Football Confederation) महिला एशियाई कप 2022 आयोजन समिति ने टूर्नामेंट के स्थानों की पुष्टि की है। नवी मुंबई में डी.वाई. पाटिल स्टेडियम, अहमदाबाद में ट्रांसस्टेडिया और भुवनेश्वर में कलिंग स्टेडियम 20 जनवरी से 6 फरवरी, 2022 तक इस महिला फुटबॉल प्रतियोगिता की मेजबानी की जाएगी।

- **किस फिनटेक कंपनी ने ‘Distributor to Retailer (D2R) Finance’ लॉन्च किया है?**

**BharatPe**

अग्रणी फिनटेक कंपनी BharatPe ने हाल ही में ‘Distributor to Retailer (D2R) Finance’ नाम से एक नया उधार उत्पाद लॉन्च किया है। यह उत्पाद वितरकों, थोक विक्रेताओं, व्यापारियों और डीलरों को तत्काल तरलता (liquidity) की पेशकश करेगा। यह विशेष उत्पाद छोटे और मध्यम उद्यमों पर केंद्रित होगा। यह कम ब्याज दरों पर सात दिनों से 30 दिनों की अवधि के लिए 50 लाख रुपये तक के संपार्श्विक-मुक्त ऋण (collateral-free loans) की पेशकश करेगा।

- **विश्व की पहली जहाज सुरंग (ship tunnel) का निर्माण किस देश में किया जा रहा है?**

**नॉर्वे**

नॉर्वे को हाल ही में दुनिया की पहली जहाज सुरंग का निर्माण करने के लिए मंजूरी मिली है, यह जहाजों को स्टैडहवेट सागर (Stadhavet Sea) को नेविगेट करने में मदद करेगी। इसका निर्माण एक मील लंबी 118 फीट चौड़ी सुरंग के रूप में किया जायेगा। इस परियोजना की लागत लगभग 330 मिलियन अमरीकी डालर होगी और इसमें तीन से चार साल लगेंगे।

- **Grant Assistance for Grassroots Projects (GGP) क्या है?**

**जापान की एक वित्तीय सहायता योजना**

Grant Assistance for Grassroots Projects (GGP) जापान की एक वित्तीय सहायता योजना है। भारत सहित 100 से अधिक देशों में लोगों की विविध बुनियादी मानवीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए डिज़ाइन की गई विकास परियोजनाओं के लिए जापान द्वारा अनुदान प्रदान किया जाता है।

जापान द्वारा ग्रासरूट प्रोजेक्ट्स के लिए अनुदान सहायता 1989 में शुरू की गई थी। ग्रासरूट परियोजनाओं के लिए अनुदान सहायता भारत सहित 100 से अधिक देश देशों को दी जा रही है।

GGP योजना गैर-लाभकारी संगठनों, चिकित्सा और शैक्षणिक संस्थानों द्वारा कार्यान्वित परियोजनाओं का समर्थन करती है, जो भारत सरकार के संबंधित कानून के तहत विदेशी धन प्राप्त करने के लिए पात्र हैं।

- **हाल ही में भारत ने सड़क निर्माण परियोजना के लिए किस देश को 800 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की है ?**

**नेपाल**

भारत ने नेपाल को एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) के तहत 800 करोड़ नेपाली करोड़ रुपये की अनुदान सहायता प्रदान की है, इसका उद्देश्य नेपाल के तराई क्षेत्र में सड़क के बुनियादी ढांचे को मजबूत करना है।

**भारत-नेपाल**

✓ भारत नेपाल का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है। इसके अलावा, भारत नेपाल में सबसे बड़े विदेशी निवेश का स्रोत है।

✓ भारत की गोरखा रेजिमेंट में नेपाल के पहाड़ी जिलों से युवाओं को भर्ती से किया जाता है।

✓ सूर्य किरण भारत और नेपाल के बीच एक संयुक्त सैन्य अभ्यास है।

- **हाल ही में किसे सरस्वती सम्मान, 2020 से सम्मानित किये जाने की घोषणा की गई है ?**

**डॉ. शरणकुमार लिंबाले**

प्रसिद्ध मराठी लेखक डॉ. शरणकुमार लिंबाले (Dr. Sharankumar Limbale) को उनकी पुस्तक 'सनातन' (Sanatan) के लिए सरस्वती सम्मान, 2020 से सम्मानित किया जायेगा। डॉ. लिंबाले की पुस्तक 'सनातन' को 2018 में प्रकाशित किया गया था। इस पुरस्कार में पंद्रह लाख रुपये, एक प्रशस्ति पत्र और एक पट्टिका प्रदान की है। के.के. बिड़ला फाउंडेशन द्वारा 1991 में स्थापित सरस्वती सम्मान को देश में सबसे प्रतिष्ठित और सर्वोच्च साहित्यिक पुरस्कार के रूप में मान्यता प्राप्त है।

- **Echo और Bifrost क्या हैं?**

**इंटरनेट केबल**

फेसबुक ने दक्षिण पूर्व एशिया को उत्तरी अमेरिका से जोड़ने, डेटा क्षमता बढ़ाने और इंटरनेट प्रामाणिकता में सुधार करने के लिए दो अंडरसी इंटरनेट केबल लगाने की योजना बनाई है।

इन दो केबल्स को "Echo" और "Bifrost" नाम दिया गया है। यह केबल सिंगापुर, इंडोनेशिया और उत्तरी अमेरिका को जोड़ेंगी।

Echo को गूगलऔर इंडोनेशियाई दूरसंचार कंपनी XL XLxi के साथ साझेदारी में स्थापित किया जा रहा है।यह काम 2023 तक पूरा हो जायेगा।

Bifrost को इंडोनेशिया के Telin और सिंगापुर के Keppel के साथ साझेदारी में बनाया जा रहा है और इसके 2024 तक पूरा होने का अनुमान है।

फेसबुक की गूगल और कुछ क्षेत्रीय दूरसंचार कंपनियों जैसी कंपनियों के साथ भागीदारी है।

इस परियोजना के लिए लागत का अभी तक खुलासा नहीं किया गया है, लेकिन फेसबुक ने इसका उल्लेख किया क्योंकि उन्होंने इसे दक्षिण पूर्व एशिया में कंपनी के लिए "भौतिक निवेश" कहा था।

- **खेल मंत्रालय ने "खेलो इंडिया प्रोग्राम" (Khelo India Programme) को 2021-22 से बढ़ाकर कब तक करने का निर्णय लिया है ?**

**2025-26**

खेल मंत्रालय ने "खेलो इंडिया प्रोग्राम" (Khelo India Programme) को 2021-22 से 2025-26 तक बढ़ाने का निर्णय लिया है। मंत्रालय ने वार्षिक कार्यक्रम का विस्तार करने के लिए वित्त मंत्रालय को व्यय वित्त समिति (Expenditure Finance Committee – EFC) ज्ञापन भी प्रस्तुत किया है।

- **हाल ही में किसे वर्ष 2020 के लिए 'महाराष्ट्र भूषण पुरस्कार' (Maharashtra Bhushan Award) प्रदान कीये जाने की घोषणा की गई है ?**

**आशा भोसले**

महान गायिका आशा भोसले को वर्ष 2020 के लिए 'महाराष्ट्र भूषण पुरस्कार' (Maharashtra Bhushan Award) प्रदान किया जाएगा। मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे, उप-मुख्यमंत्री अजित पवार और संस्कृति मंत्री अमित देशमुख की एक समिति ने इस संबंध में एक बैठक की।

महाराष्ट्र भूषण पुरस्कार (Maharashtra Bhushan Award)

यह महाराष्ट्र का सर्वोच्च और सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार है, यह महाराष्ट्र सरकार द्वारा वार्षिक रूप से प्रदान किया जाता है। यह पुरस्कार पहली बार वर्ष 1995 में प्रदान का गया था।



